"Reckon this at heart," said Jānakī, "Wretch, don't you know Rāma's shafts? You have abducted me in his absence. Shameless monster, have you no shame?"

दो०—आपुहि सुनि खद्योत सम, रामहिं भानु समान।
परुष बचन सुनि काढ़ि असि, बोला अति खिसिआन ॥१०॥

भानु = sun. परुष = harsh. काढ़ि असि = drawing his sword. खिसिआन = angry, furious.

अपने को जुगनू से और श्रीरामचन्द्रजी को सूर्य से तुलना देने वाले (सीताजी के) कठोर वचन सुन कर रावण अत्यन्त क्रोधित होकर तलवार खींचकर बोला।

Hearing himself compared to a glow-worm and Rāma to the sun, he drew out his sword at these harsh words and cried in the utmost fury.

सीता तैं मम कृत अपमाना। काटिहौं तव सिर कठिन कृपाना॥
नाहिं त सपदि मानु मम बानी। सुमुखि होति न त जीवन हानी॥

अपमाना = insult, outrage. कठिन कृपाना = strong sword, bitting blade. हानी = loss.

हे सीता, तूने मेरा अपमान किया है इसलिये इस कठोर तलवार से मैं तेरा सिर काट लूँगा। हे सुन्दर मुख वाली, या तो तू मेरी बात मान ले नहीं तो तेरे जीवन का नाश होता है।

"Sītā, you have insulted me; I will chop off your head with this strong sword. Either obey my words at once or you will have to lose your life, fair lady."

स्याम सरोज दाम सम सुंदर। प्रभु भुज करि कर सम दसकंधर॥
सो भुज कंठ कि तव असि घोरा। सुनु सठ अस प्रवान पन मोरा॥

स्याम from श्याम = dark, blue. दाम = string, garland. करि कर = trunk of an elephant. दस-कंधर = Ten-necked, Rāvaṇa. घोरा = cruel, horrible. प्रवान from प्रमाण = true, solemn. पन from प्रण = vow.

सीताजी ने कहा—हे रावण, प्रभु श्रीरामचन्द्रजी की भुजाएँ श्याम कमल की माला के समान सुन्दर और हाथी की सूँड के समान बलवाली हैं। सो हे शठ, सुन मेरे कंठ में या तो वे भुजाएँ पड़ेंगी या तेरी कठोर तलवार, यह मेरी अटल प्रतिज्ञा है।

"Rāvaṇa, my lord's arms are beautiful like a string of dark-lotuses and mighty as an elephant's trunk. Either they

shall have my neck or this cruel sword of yours. Listen, O wretch, to this my solemn vow.

चंद्रहास हरु मम परितापं । रघुपति विरह अनल संजातं ॥
सीतल निसि तव असि वर धारा । कह सीता हरु मम दुख भारा ॥

चन्द्रहास=sword, gleaming scimitar (lit. "deriding the moon" by reason of its greater brilliancy). परितापं=distress, anguish. विरह=separation, privation, loss. अनल=fire. संजातं=born of, caused by. निसि from निशि=night. असि=sword. वर=fine. धारा=edge. दुःख-भारा=load of pain.

सीता जी ने तलवार को संबोधन करके कहा—हे चन्द्रहास [तलवार] श्रीरामचन्द्रजी के विरह की अग्नि से उत्पन्न हुए मेरे दुःख को दूर कर। सीता जी ने कहा, [हे रावण] तेरी खड्ग की तेज़ धार ठंडी रात के समान है। यह मेरे दुःख का भार दूर कर दे।

"O gleaming scimitar, put an end to this anguish of mine caused by the fire of Rāma's separation. Sītā said, "[O Rāvaṇa], the fine edge of your sword is like the cool (moonlit) night. Let it rid me of my load of pain."

सुनत बचन पुनि मारन धावा। मयतनया कहि नीति बुझावा ॥

धावा=rushed. मय-तनया=daughter of Maya, Mandodarī. नीति=prudence, propriety, right conduct. बुझावा=admonished, exhorted, warned.

सीताजी के वचन सुनते ही रावण फिर उन्हें मारने दौड़ा, परन्तु मय नामक दैत्य की पुत्री (मंदोदरी) ने नीति का उपदेश देकर समझाया।

Hearing these words he rushed to kill her, but the daughter of Maya admonished him with words of prudence.

कहेसि सकल निसिचरिन्ह बोलाई। सीतहिं बहु विधि त्रासहु जाई॥
मास दिवस महुँ कहा न माना। तौ मैं मारबि काढ़ि कृपाना॥

बोलाई = calling, summoning. त्रासहु = intimidate, frighten.

तब रावण ने सब राक्षसियों को बुलाकर कहा कि जाकर सीता को अनेक प्रकार से डराओ धमकाओ (और कहो) यदि एक मास में मेरा कहना नहीं मानेगी तो मैं तलवार निकालकर उसे मार डालूँगा।

Then he summoned all the female demons and ordered them to go and intimidate Sītā by every means. "If she does not agree to what I say in a month's time, I shall draw my sword and slay her."

दो०—भवन गयउ दसकंधर, इहाँ पिसाचिनि बृंद।
सीतहिं त्रास देखावहिं, धरहिं रूप बहु मंद॥११॥

बहु = various. मन्द = hideous, ugly.

(यह कहकर) रावण अपने महल में चला गया। इधर राक्षसियाँ भयंकर रूप धारण करके सीताजी को डराने लगीं।

Rāvaṇa then went back to his palace while the crowd of female demons, assuming all kinds of hideous forms, began to terrify Sītā.

त्रिजटा नाम राच्छसी एका। राम चरन रति निपुन बिबेका॥
सबन्हौ बोलि सुनाएसि सपना। सीतहि सेइ करहु हित अपना॥

रति = devoted. निपुन = clever. बिबेका = wise, intelligent. सेइ = serving, showing reverence. हित = good, benefit.

त्रिजटा नाम की एक राक्षसी थी, जिसे श्रीरामचन्द्रजी के चरणों में प्रेम था और जो चतुर और विचारशीला थी। उसने सब राक्षसियों को बुलाकर अपना स्वप्न सुनाया और कहा कि सीताजी की सेवा करके अपनी भलाई कर लो।

One of the female demons, Trijaṭā by name, was wise and clever and devoted to Rāma's feet. She summoned them all

and related to them her dream saying, "You should seek your own good by serving Sītā.

सपने बानर लंका जारी । जातुधान सेना सब मारी ॥
खर आरूढ़ नगन दससीसा । मुंडित सिर खंडित भुज बीसा ॥

जातुधान = demons. खर = ass. आरूढ़ = mounted. नगन from नग्न = naked. मुंडित = shorn. खंडित = hacked off, cut off. भुज = arms.

स्वप्न में मैंने देखा कि एक बंदर ने लंका जला दी और राक्षसों की सारी सेना मार डाली । रावण नंगा गधे पर चढ़ा हुआ था, उसका सिर मुँडा हुआ था और उस की बीसों भुजाएँ कटी हुई थीं ।

"In my dream a monkey set fire to Laṅkā and put to death the whole demon horde. Rāvaṇa was riding an ass, stark naked, his head shorn and his twenty arms hacked off.

एहि बिधि सो दच्छिन दिसि जाई । लंका मनहुँ बिभीषन पाई ॥
नगर फिरी रघुबीर दोहाई । तब प्रभु सीता बोलि पठाई ॥

दच्छिन दिसि = south (the abode of यम, the god of death). दोहाई = cries for mercy.

इस प्रकार वह दक्षिण दिशा की ओर जा रहा था और लंका मानो विभीषण ने पा ली । नगर में श्रीरामचन्द्रजी की दुहाई फिर गई और तब प्रभु श्रीरामचन्द्रजी ने सीता को बुला भेजा ।

"In this fashion he went away to the south and Vibhīshaṇa succeeded to the throne of Laṅkā. The city resounded with cries for mercy in Rāma's name. Then the Lord sent for Sītā.

यह सपना मैं कहौं पुकारी । होइहि सत्य गए दिन चारी ॥
तासु बचन सुनि ते सब डरीं । जनकसुता के चरनन्हि परीं ॥

पुकारी = declare, warn. होइहि सत्य = will turn out to be true.

में पुकार कर कहती हूँ कि यह स्वप्न चार दिन बीतने पर अवश्य सत्य होगा। त्रिजटा का कथन सुनकर वे सब राक्षसियाँ डर गईं और जानकी-जी के चरणों में गिर पड़ीं।

"I warn you that four days hence this dream will come true." Hearing her words they were all scared and threw themselves at Sītā's feet.

दो०—जहँ तहँ गईं सकल तब, सीता कर मन सोच ।
मास दिवस बीते मोहि, मारिहि निसिचर पोच ॥१२॥

सोच = worry. पोच = vile monster, base creature.

फिर वे सब राक्षसियाँ जहाँ तहाँ चली गईं और जानकीजी मन में सोचने लगीं कि नीच राक्षस महीना दिन बीतने पर मुझे मार डालेगा।

Then they all dispersed in every direction. But Sītā was troubled at the thought, "At the end of a month this vile monster will slay me."

त्रिजटा सन बोली कर जोरी। मातु बिपति संगिनि तैं मोरी ॥
तजौं देह करु बेगि उपाई। दुसह बिरह अब नहिं सहि जाई ॥

कर जोरी = with folded hands, with clasped hands. बिपति = distress. संगिनि = companion, helper. बेगि = quickly. उपाई from उपाय = plan. दुसह = intolerable. सहि = endured.

सीताजी हाथ जोड़कर त्रिजटा से कहने लगीं—हे माता, तू ही विपत्ति में मेरी साथिन है। तू शीघ्र ऐसा उपाय कर जिससे मैं अपना शरीर छोड़ दूँ। यह दुःसह वियोग अब सहा नहीं जाता।

With folded hands she said to Trijaṭā, "Mother you are my helper in distress. Quickly devise some plan so that I may be rid of life, for this intolerable privation can no longer be endured.

आनि काठ रचु चिता बनाई। मातु अनल पुनि देहि लगाई ।।
सत्य करहि मम प्रीति सयानी। सुनै को श्रवन सूल सम बानी ।।

चिता = funeral pyre. प्रीति = love, affection. सुनै को श्रवण सूल सम बानी If this line is spoken by Sītā, it means "*who would bear to listen to the stinging words* (of Rāvaṇa)?" But if the line is taken as the poet's comment, it means— *Who could bear to listen to such an agonising cry* (of Sītā)? The latter interpretation seems to be better.

हे माता, लकड़ीं लाकर भली भाँति चिता बना दे और फिर उसमें आग लगा देना। हे सयानी, तू मेरी प्रीति को सत्य कर दिखला। शूल के समान [सीताजी की] इस प्रार्थना को कानों से सुनने की समर्थं किस में थी ?

"Bring wood and erect my funeral pyre and then set fire to it, O mother. In this way, wise dame, prove my love to be true." Who could bear to listen to such an agonising appeal ?

सुनत बचन पद गहि समुझाएसि। प्रभु प्रताप बल सुजसु सुनाएसि ।।
निसि न अनल मिल सुनु सुकुमारी। अस कहि सो निज भवन सिधारी ।।

समुझाएसि = comforted, consoled. प्रताप = majesty, prowess. सुजसु from सुयशस् = glory. सुकुमारी = delicate lady, fair lady.

सीताजी के ये वचन सुनकर त्रिजटा ने उन्हें चरण पकड़कर समझाया और प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के प्रताप, बल और सुयश को सुनाया। हे सुकुमारी, सुनो, रात्रि में आग नहीं मिलेगी। ऐसा कहकर वह अपने घर चली गई।

Hearing Sītā's words she clasped her feet and comforted her by reciting (or extolling) the majesty, might and glory of her lord. "Listen, fair lady, there is no fire to be had at night." And so saying she left for her home.

कह सीता बिधि भा प्रतिकूला। मिलिहि न पावक मिटिहि न सूला॥
देखिअत प्रगट गगन अंगारा। अवनि न आवत एकउ तारा॥

बिधि = fate, Heaven. प्रतिकूला = unkind, unfavourable. सूला = pain. अंगारा = sparks. अवनि = earth.

सीता जी कहने लगीं—दैव प्रतिकूल हो गया है! न आग मिलेगी और न व्यथा दूर होगी। आकाश में प्रत्यक्ष अंगारे दिखाई पड़ते हैं, परन्तु पृथिवी पर एक भी तारा नहीं गिरता।

Sitā exclaimed, "Heaven is unkind: without fire my pain cannot end. The sky is all aglow with sparks but not a single star drops to the earth.

पावकमय ससि स्रवत न आगी। मानहुँ मोहि जानि हतभागी॥
सुनहि बिनय मम बिटप असोका। सत्य नाम करु हरु मम सोका॥

पावकमय = fiery, blazing. ससि from शशि = moon. स्रवत = sheds, emits. हतभागी = unfortunate wretch. बिनय = prayer. बिटप = tree. सोका from शोक = sorrow.

चन्द्रमा अग्निमय होता हुआ भी मानो मुझे हतभागिनी जानकर आग नहीं बरसाता। हे अशोक वृक्ष, तू ही मेरी विनती सुन। तू अपना नाम सत्य कर और मेरे शोक को दूर कर।

"This fiery moon, too, sheds no fire, as if it knew what an unfortunate wretch I am. Listen to my prayer, Aśoka tree, be true to your name and rid me of my sorrow.

नूतन किसलय अनल समाना। देहि अगिनि जनि करहि निदाना॥
देखि परम बिरहाकुल सीता। सो छन कपिहि कलप सम बीता॥

नूतन किसलय = young leaves, sprouts. जनि from जन = this person. निदाना = end. कलप from कल्प = age, æon.

तेरे नए नए पत्ते आग के समान हैं, तू ही मुझे आग दे और मेरा अन्त कर दे। सीताजी को विरह से अत्यन्त व्याकुल देखकर हनुमान्‌जी को वह क्षण एक कल्प के समान व्यतीत हुआ।

"Your young leaves are like flames. Shed fire so that this person may end her life." That moment seemed like an age to the monkey, as he beheld Sītā in pangs of separation.

सो०—कपि करि हृदय बिचार, दीन्हि मुद्रिका डारि तब।
जनु असोक अंगार, दीन्ह हरषि उठि कर गहेउ ॥१३॥

मुद्रिका = ring.

तब हनुमान्‌जी ने हृदय में विचार करके अँगूठी गिरा दी, मानो अशोक वृक्ष ने अंगारा फेंक दिया हो। सीताजी ने प्रसन्न होकर उसे हाथ में ले लिया।

The monkey mused in his mind and then dropped the ring as though Aśoka had shed a spark. She rose up with joy and picked it up with her hand.

तब देखी मुद्रिका मनोहर। राम नाम अंकित अति सुंदर ॥
चकित चितव मुदरी पहिचानी। हरष बिषाद हृदय अकुलानी ॥

मनोहर = beautiful, lovely. अंकित = inscribed or engraved with. चकित = surprised, astonished. हृदय अकुलानी = was perturbed in mind, *i.e.*, her heart fluttered. विषाद = sorrow.

तब सीताजी ने उस मनोहर अँगूठी को देखा, वह अत्यन्त सुन्दर थी और उस पर श्रीरामचन्द्रजी का नाम खुदा हुआ था। अँगूठी पहिचान कर सीताजी उसे विस्मय पूर्वक देखने लगीं और हृदय में आनन्द और शोक के आवेग से वे व्याकुल हो गईं।

Then she saw that lovely ring, beautifully inscribed with Rāma's name. She was astonished to see it for she recognised it, and her heart fluttered with mingled joy and sorrow.

जीति को सकइ अजय रघुराई। माया तें असि रचि नहिं जाई॥
सीता मन बिचार कर नाना। मधुर बचन बोलेउ हनुमाना॥

अजय = unconquerable, invincible. माया = magic. रचि = fashioned, made. विचार = thoughts, fancies, misgivings.

श्रीरामचन्द्रजी अजेय हैं, उन्हें कौन जीत सकता है? माया से ऐसी अँगूठी रची नहीं जा सकती। इस तरह सीताजी मन में अनेक प्रकार से उधेड़ बुन कर ही रही थीं कि हनुमान्जी मीठे वचनों से बोले।

"Who can conquer the unconquerable Rāma?" This too, cannot have been fashioned by magic. All sorts of misgivings haunted Sītā's mind, till Hanumān spoke in sweet accents.

रामचंद्र गुन बरनैं लागा। सुनतहिं सीता कर दुख भागा॥
लागीं सुनैं श्रवन मन लाई। आदिहुँ तें सब कथा सुनाई॥

गुण = = virtues, qualities, merits. बरनैं लागा = began to recount or narrate. दुख = grief.

वे श्रीरामचन्द्रजी के गुणों का वर्णन करने लगे, जिन्हें सुनते ही सीताजी का दुख दूर हो गया। कान और मन लगाकर सीताजी उसे सुनने लगीं और हनुमान्जी ने आरम्भ से (अर्थात् जब से रघुनाथजी उन से मिले थे तब से लेकर अब तक) सब कथा कह सुनाई।

He began to recount the merits of Rāma. As Sītā listened, her pain vanished. She hearkened with mind and ears in wrapt attention while he related the whole story from the very beginning.

स्रवनामृत जेहि कथा सुनाई। कही सो प्रगट होत किन भाई॥
तब हनुमंत निकट चलि गयऊ। फिरि बैठी मन बिसमय भयऊ॥

स्रवनामृत = like nectar to the ears, grateful to the ears. निकट = near. बिसमय from विस्मय = surprise, bewilderment.

फिर सीताजी ने कहा—भाई, कानों को अमृत के समान सुख देने वाली यह कथा जिसने सुनाई है, वह प्रकट क्यों नहीं होता ? तब हनुमान्‌जी सीताजी के पास चले गए। हनुमान्‌जी के पास पहुँचने पर सीताजी को मन में बड़ा विस्मय हुआ (कि बन्दर क्या राम-कथा सुनाएगा ?) और वे पीठ फेरकर बैठ गईं।

"Why don't you, who have told a tale so refreshing to my ears, show yourself, friend ?" Then Hanumān stepped forward and drew near. She turned her face away from him and sank in bewilderment.

रामदूत मैं मातु जानकी। सत्य सपथ करुनानिधान की ॥
यह मुद्रिका मातु मैं आनी। दीन्हि राम तुम्ह कहँ सहिदानी ॥

सपथ from शपथ = oath. करुणानिधान = Fountain of Mercy. आनी = brought. सहिदानी = token.

हे माता जानकी, मैं श्रीरामचन्द्रजी का दूत हूँ, करुणानिधान श्रीरामचन्द्रजी की मुझे सच्ची सौंगध है। हे माता, यह अँगूठी मैं लाया हूँ, श्रीरामचन्द्रजी ने यह आपके लिये चिह्न-स्वरूप दी है।

"Mother Jānakī, I am Rāma's messenger. I swear solemnly by that Fountain of Mercy that I have brought this ring, which Rāma gave me for you as a token."

नर बानरहि संग कहु कैसे। कही कथा भइ संगति जैसे ॥

संग = company, consort with. संगति = coming together, meeting.

सीताजी ने पूछा, यह बताओ कि मनुष्य और बन्दर का संग कैसे हुआ ? तब, जिस प्रकार संग हुआ था, वह सब कथा हनुमान्‌जी ने कह सुनाई।

"Tell me," she said, "how monkeys could consort with man ?" He then told the story how the meeting took place.

दो०—कपि के बचन सप्रेम सुनि, उपजा मन बिस्वास।
जाना मन क्रम बचन यह, कृपासिंधु कर दास ॥१४॥

सप्रेम = affectionate. बिस्वास = trust. जाना = recognised, believed. क्रम from कर्म = action.

हनुमान्‌जी के प्रेम सहित वचनों को सुनकर सीताजी के मन में विश्वास उत्पन्न हो गया। उन्होंने जान लिया कि मन, वचन और कर्म से यह कृपासागर श्रीरामचन्द्रजी का सेवक है।

On hearing the affectionate words of the monkey, trust grew in her mind and she recognised in him a servant of the All-merciful who was faithful by his words, actions and thoughts.

हरिजन जानि प्रीति अति बाढ़ी। सजल नयन पुलकावलि ठाढ़ी ॥
बूड़त बिरहजलधि हनुमाना। भयहु तात मो कहँ जलजाना ॥

बाढ़ी = grew intense. पुलकावलि = horripilation, thrill of emotion. बिरहजलधि = ocean of bereavement or separation. जल-जाना from जल-यान = ship.

हनुमान्‌जी को भगवान् का भक्त जानकर (सीताजी के मन में उनके प्रति) अत्यन्त प्रीति बढ़ी। नेत्र सजल हो गए और शरीर में रोमांच हो आया। उन्होंने कहा—हे हनुमान्, वियोग के समुद्र में डूबती हुई मुझको (बचाने के लिये) तुम नौका के समान हो गए।

On perceiving him to be one of Hari's servants, her affection for him grew intense. Tears stood in her eyes and a thrill of emotion ran through her body. "Hanumān dear, you have served me as a ship while I was sinking in the ocean of bereavement.

अब कहु कुसल जाउँ बलिहारी । अनुज सहित सुखभवन खरारी ॥
कोमलचित कृपाल रघुराई । कपि केहि हेतु धरी निठुराई ॥

कुसल = welfare. जाऊँ बलिहारी = Lit. may I be sacrificed for your sake. It is a phrase of earnest request. सुखभवन = abode of happiness. खरारी = enemy of Khara, Rāma. कोमल-चित = tender-hearted. निठुराई = ruthlessness, cruelty.

मैं तुम्हारी बलिहारी जाती हूँ, अब यह बताओ कि सुख के धाम खरारी (खर राक्षस को मारने वाले श्रीरामचन्द्रजी) छोटे भाई लक्ष्मण समेत कुशल से तो हैं ? हे हनुमान् ! श्रीरामचन्द्रजी तो कोमलचित्तवाले और दयालु हैं फिर उन्होंने निठुराई क्यों धारण कर ली है ?

"Tell me now of their welfare, I beseech you ; how is Rāma and how is his younger brother ? Rāma is tender-hearted and merciful. Why, O monkey, should he have become so ruthless ?

सहज बानि सेवक सुखदायक । कबहुँक सुरति करत रघुनायक ॥
कबहुँ नयन मम सीतल ताता । होइहहिं निरखि स्याम मृदु गाता ॥

सहज = inherent. बानि = nature. सुरति = remembrance. सीतल = cooled, gladdened. निरखि = seeing. स्याम = dark. मृदु = delicate. गाता from गात्र = body.

श्रीरामचन्द्रजी सहज स्वभाव से ही सेवकों को सुख देने वाले हैं। क्या वे कभी मुझे स्मरण करते हैं ? हे तात ! उनके श्याम और सुकुमार शरीर को देखकर क्या मेरे नेत्र कभी शीतल होंगे ?

"It is his inherent nature that he is a solace to his servants. Does Rāma ever deign to remember me ? Will my eyes, friend, be ever cooled by seeing his dark and delicate body ?"

बचनु न आव नयन भरे बारी। अहह नाथ हौं निपट बिसारी ॥
देखि परम बिरहाकुल सीता। बोला कपि मृदु बचन बिनीता ॥

न आव = failed. बारी from वारि = water, tears. निपट = entirely, completely. बिसारी from विस्मृत = forgotten.

सीताजी से आगे कुछ कहते नहीं बना। उनके नेत्रों में जल भर आया। उन्होंने इतना ही कहा, "हा! स्वामी ने मुझे बिलकुल ही भुला दिया!" सीताजी को विरह से अत्यन्त व्याकुल देखकर हनुमान्‌जी नम्रता से मृदु वचन बोले--

Words failed and her eyes were flooded with tears. "Alas! my lord has entirely forgotten me." Seeing Sītā thus distracted by her desolation, the monkey replied in gentle and respectful tones.

मातु कुसल प्रभु अनुज समेता। तव दुख दुखी सुकृपा निकेता ॥
जनि जननी मानहु जिय ऊना। तुम्ह ते प्रेमु राम के दूना ॥

सुकृपा निकेता = the abode of mercy, All-merciful. जनि = don't. जननी = mother. मानहु जिय ऊना = lose heart.

हे माता, छोटे भाई लक्ष्मणजी समेत भगवान् कुशल पूर्वक हैं, पर वे कृपानिकेतन केवल आपके दुख से दुखी हैं। हे माता, आप अपना जी छोटा न कीजिये, कृपानिधान श्रीरामचन्द्रजी को आपसे दूना प्रेम है।

"Madam, the Lord and his younger brother are both well, save that the All-merciful sorrows for your sorrow. Don't you lose heart, mother. Rāma loves you twice as much as you love him.

दो०—रघुपति कर संदेसु अब, सुनु जननी धरि धीर।
असं कहि कपि गदगद भयेउ, भरे बिलोचन नीर ॥१५॥

संदेसु = message. धरि धीर = with a firm heart, with courage. गदगद भयेउ = choked with emotion.

हे माता, अब धीरज रखकर श्रीरामचन्द्रजी का सन्देश सुनिये—ऐसा कहकर हनुमान्जी गद्गद हो गए, उनकी आँखों में आँसू भर आए।

"Mother, listen to Rāma's message with a firm heart." So saying the monkey's throat was choked with emotion and his eyes swam with tears.

कहेउ राम बियोग तव सीता। मो कहुँ सकल भए बिपरीता॥
नव तरु किसलय मनहुँ कृसानू। कालनिसा सम निसि ससि भानू॥

बियोग = separation. बिपरीता = opposite. किसलय = sprouts. कृसानू = fire. कालनिसा = night of doom, night of death. भानू = sun.

[हनुमान्जी कहने लगे—] श्रीरामचन्द्रजी ने कहा है कि हे सीता, तुम्हारे वियोग में मेरे लिये सब बातें विपरीत (उलटी) हो गई हैं। वृक्षों के नए नए पत्ते मानों आग के समान, रात काल-रात्रि के समान और चन्द्रमा सूर्य के समान (तपाने वाला) हो गया है।

Rāma says, "Everything is changed into its opposite for me in your separation, O Sītā. The young sprouts of trees burn like fire, night seems as the night of doom, and the moon is hot like the sun.

कुबलय बिपिन कुंतबन सरिसा। बारिद तपत तेल जनु बरिसा॥
जे हित रहे करत तेइ पीरा। उरग स्वास सम त्रिबिध समीरा॥

कुबलय बिपिन = bed of lotuses. कुंतबन = a bed of spikes, prickly brake. सरिस from सदृश = like. बारिद = cloud. हित = salutary, well-disposed. पीरा = trouble. उरग = serpent. स्वास = breath, hissing, त्रिबिध = cool, gentle and fragrant.

कमलों का वन भालों के वन के समान हो गया है और बादल तो मानो गरम तेल ही बरसाते हैं। जो अभी तक सुखदायक थे, वे ही अब पीड़ा देते हैं। तीनों प्रकार की शीतल, मंद और सुगन्धित वायु साँप की फुंकार के समान लगती है।

"A bed of lotuses harrows like a spiked brake and the rain-clouds pour down boiling oil. Even salutary things contrive to give trouble, and the cool, gentle and fragrant breeze blights like the hissing of a serpent.

कहेहु ते कछु दुख घटि होई। काहि कहौं यह जान न कोई ॥
तत्त्व प्रेम कर मम अरु तोरा। जानत प्रिया एकु मनु मोरा ॥

घटि=less. तत्त्व=essence.

कहने से भी दुःख कुछ कम हो जाता है परन्तु मैं किससे कहूँ ? कोई इस दुःख का जानने वाला नहीं है ! हे प्यारी मेरे और तुम्हारे प्रेम के तत्त्व को, एक मेरा मन ही जानता है।

"One is unburdened of sorrow if one opens one's heart to some one. To whom shall I declare it ? for there is no one who would understand. The essence of such love as yours and mine, my love, my heart alone can comprehend.

सो मन सदा रहत तोहि पाहीं। जानु प्रीतिरसु एतनहि माहीं ॥
प्रभु संदेसु सुनत बैदेही। मगन प्रेम तन सुधि नहिं तेही ॥

प्रीतिरसु=profundity of love, depth or intensity of love. मगन=absorbed, overwhelmed. सुधि=thought, consciousness.

और वह मन सदा तुम्हारे पास रहता है। बस इतने में ही प्रीति का रस समझ लो। प्रभु श्रीरामचन्द्रजी का संदेश सुनते ही सीताजी प्रेम में मग्न हो गईं, उन्हें अपने शरीर की भी सुधि न रही।

"And that heart of mine is always with you. This should be enough to tell you the profundity of my love." As Sītā listened to the message of Rāma, she was so overwhelmed with love that she lost all consciousness of her own self.

कह कपि हृदय धीर धरु माता। सुमिरु राम सेवकसुखदाता॥
उर आनहु रघुपति प्रभुताई। सुनि मम बचन तजहु कदराई॥

धीर धरु = compose, console. उर आनहु = reflect on, meditate. तजहु = discard, give up. कदराई = timidity, fear, anxiety.

हनुमान्‌जी कहने लगे--हे माता, हृदय में धैर्य रखिये और सेवकों को सुख देने वाले श्रीरामचन्द्रजी का स्मरण कीजिये। अपने हृदय में श्रीरामचन्द्रजी की प्रभुता का ध्यान कीजिये और मेरे बचन सुनकर अपनी व्याकुलता को छोड़ दीजिये।

"Compose your mind, mother," said the monkey, "and remember Rāma who bestows happiness on his servants. Reflect upon Rāma's might and dispel your fears on hearing my words.

दो०—निसिचर निकर पतंगसम, रघुपति बान कृसानु।
जननी हृदय धीर धरु, जरे निसाचर जानु॥१६॥

निकर = horde, crew, host. पतंग = moths.

राक्षसों का समुदाय पतंगों के समान है और श्रीरामचन्द्रजी के बाण (उनको जलाने के लिये) अग्नि के समान हैं। हे माता, आप हृदय में धैर्य रखिये और राक्षसों को जला हुआ समझिये।

"The demon hosts are like moths and the shafts of Rāma are as fire. Cheer up your heart, mother, and take it for granted that the demons will all be consumed.

जो रघुवीर होति सुधि पाई। करते नहिं बिलंबु रघुराई॥
राम बान रबि उए जानकी। तम बरूथ कहँ जातुधान की॥

बिलंबु = delay. उए from उदय = rising. बरूथ = host. जातुधान = demons.

यदि श्रीरामचन्द्रजी ने आपका समाचार पाया होता तो वे देरी नहीं करते। हे जानकीजी, श्रीरामचन्द्रजी के बाणरूपी सूर्य के उदय होने पर राक्षसरूपी अन्धकार का समूह कहाँ रह सकता है ?

"Had Rāma only known it, he would not have delayed. No sooner the sun of Rāma's shafts rises than the darkness of the demon host would be dispelled.

अबहिं मातु मैं जाउँ लेवाई। प्रभु आयसु नहिं राम दोहाई ॥
कछुक दिवस जननी धरु धीरा। कपिन्ह सहित अइहहिं रघुबीरा ॥
निसिचर मारि तोहि लै जैहहिं। तिहुँ पुर नारदादि जसु गैहहिं ॥

लेवाई = carry. आयसु = order. राम दोहाई = I swear by Rāma. तिहुँ = three.

हे माता ! मैं आपको अभी उठा ले चलूँ, परन्तु मैं श्रीरामचन्द्रजी की शपथ खाकर कहता हूँ कि मुझे प्रभु की आज्ञा नहीं है। हे माता, कुछ दिनों तक धीरज रखिये, श्रीरामचन्द्रजी बानरों समेत आएँगे। वे राक्षसों को मारकर आपको ले जाएँगे और तीनों लोकों में नारद आदि उनका यश गान करेंगे।

"I would have carried you away at once, mother, but, I swear to you by Rāma, that I have no orders of the Lord to do so. Have patience, madam, for a few days, and Rāma will arrive here with the monkeys. Slaying the demons he will take you away, so that Nārada and others will sing his glory in all the three worlds."

हैं सुत कपि सब तुम्हहि समाना। जातुधान अति भट बलवाना ॥
मोरे हृदय परम संदेहा। सुनि कपि प्रगट कीन्हि निज देहा ॥
कनकभूधराकार सरीरा। समर भयंकर अति बलबीरा ॥

सुत = son, child. भट = warriors. संदेहा = doubt, diffidence. कनक = gold. भूधर = mountain. आकार = bulk, size. समर = battle. भयंकर = terrible.

सीताजी ने कहा—हे पुत्र, बंदर तो सब तुम्हारे ही समान छोटे छोटे होंगे पर राक्षस योद्धा तो बड़े बलवान् हैं। इसलिये मेरे हृदय में बड़ा संदेह है (कि वे इनको जीत सकेंगे या नहीं)। सीताजी का यह कथन सुनकर हनुमान्जी ने अपना शरीर प्रकट किया। हनुमान्जी का वह शरीर सोने के पर्वत (सुमेरु) के समान विशाल, और वे स्वयं संग्राम में अत्यन्त भयंकर और अति बलशाली प्रतीत हुए।

"All monkeys must be tiny creatures like yourself, my son, but the demons are very powerful warriors. I am, therefore, very diffident in my heart." On hearing this the monkey revealed his natural form: his body in bulk was like the Mount of Gold (Someru) and he looked a mighty warrior, terrible in battle.

सीता मन भरोस तब भयऊ। पुनि लघुरूप पवनसुत लयऊ॥

भरोस = confidence.

तब सीताजी के मन में भरोसा हो गया। पवनपुत्र हनुमान्जी ने फिर छोटा रूप धारण कर लिया।

Then Sītā's heart was inspired with confidence and the Son of Wind again resumed his tiny form.

दो०—सुनु माता साखामृग, नहिं बल बुद्धि बिसाल।
प्रभुप्रताप तें गरुड़हिं, खाइ परम लघु ब्याल॥१७॥

साखामृग = monkeys. बिसाल = great. प्रताप = favour, grace. ब्याल = snake, serpent.

हे माता! सुनिये, हम बन्दरों में न कोई बड़ा बल है और न बुद्धि; परन्तु श्रीराम के प्रताप से अत्यन्त छोटा सर्प भी गरुड़ को खा सकता है।

"Listen, mother, the monkeys do not have much strength or wit of their own, but by the Lord's grace even a very small serpent might devour Garuḍa."

मन संतोष सुनत कपिबानी। भगति प्रताप तेज बल सानी ॥
आसिष दीन्हि रामप्रिय जाना। होहु तात बल सील निधाना ॥

संतोष = ease. भगति from भक्ति = faith, devotion. प्रताप force. तेज = fire. सानी = full of. आसिष = blessing. शील = virtue. निधाना = treasure.

हनुमान्‌जी की भक्ति, प्रताप, तेज और बल से सनी हुई बातें सुनकर सीताजी के मन में सन्तोष हुआ। हनुमान्‌जी को रामचन्द्रजी का प्यारा जान कर उन्होंने आशीर्वाद दिया कि हे तात, तुम बल और शील के भंडार होओ।

On hearing the monkey's speech so full of faith, force, fire and strength, her mind became easy. She recognised him as Rāma's favourite and gave him her blessing: "May you abound, my son, in strength and virtue.

अजर अमर गुननिधि सुत होहू। करहु बहुत रघुनायक छोहू ॥
करहु कृपा प्रभु अस सुनि काना। निर्भर प्रेम मगन हनुमाना ॥

अजर = un-aging, ever young. अमर = immortal. छोहू = love. निर्भर = profound, intense.

हे पुत्र, तुम अजर, अमर और गुणों के भंडार होओ और श्रीरामचन्द्रजी तुम पर सदा प्रेम रखें। "प्रभु कृपा करें"—यह कानों से सुनकर हनुमान्‌जी भरपूर प्रेम में मग्न हो गए।

"May you remain ever young and immortal and full of merits, and may Rāma love you always." Hearing the words "Lord may be gracious to you," Hanumān was overwhelmed with profound love.

बार बार नाएसि पद सीसा। बोला बचन जोरि कर कीसा ॥
अब कृतकृत्य भयेउँ मैं माता। आसिष तव अमोघ बिख्याता ॥

कीसा from कपीश = monkey-chief. कृतकृत्य = fully rewarded, satisfied, contented. अमोघ = unfailing, infallible, effectual.

हनुमान्‌जी ने बारंबार सीताजी के चरणों में सिर नवाया और हाथ जोड़ कर बोले—हे माता, अब मैं कृतकृत्य हो गया क्योंकि आपका आशीर्वाद अमोघ (कभी व्यर्थ न होने वाला) प्रसिद्ध है।

The monkey-chief bowed his head again and again at her feet and with folded hands he spoke thus : "Now, mother, I am fully rewarded, for, your blessing is known to be infallible.

सुनहु मातु मोहि अतिसय भूखा। लागि देखि सुंदर फल रूखा ॥
सुनु सुत करहिं बिपिन रखवारी। परम सुभट रजनीचर भारी ॥

अतिसय भूखा = great hunger. रूखा from वृक्ष = trees. बिपिन = grove, garden. रजनीचर = demons. भारी = formidable.

हे माता ! सुनिये, वृक्षों पर सुन्दर फल देखकर मुझे बहुत भूख लग आई है। सीताजी ने कहा—हे पुत्र ! सुनो बाग़ की रक्षा बहुत से राक्षस करते हैं, जो बड़े भारी पराक्रमी योद्धा हैं।

"But listen, mother, I have became frightfully hungry on seeing the trees laden with tempting fruit." "Listen, my son, this grove is guarded by most valiant and formidable demons."

तिन्ह कर भय माता मोहि नाहीं। जौं तुम्ह सुख मानहु मन माहीं ॥

सुख मानहु = feel easy.

हनुमान्‌जी ने कहा—हे माता यदि आप मन में सुख मानें तो मुझे उनका डर नहीं है।

"I have no fear of them, mother, if only you feel easy in your mind."

दो०—देखि बुद्धि बल निपुन कपि, कहेउ जानकी जाहु ।
रघुपति चरन हृदय धरि, तात मधुर फल खाहु ॥१८॥

निपुन = clever.

हनुमान्‌जी को बुद्धि और बल में चतुर देखकर सीताजी ने कहा कि हे तात जाओ और श्रीरामचन्द्रजी के चरणों को हृदय में रखकर मीठे फल खाओ।

Seeing the monkey so clever in wit and strength, Jānakī said, "Go, my child, and eat of this delicious fruit, with your heart set on Rāma's feet."

चलेउ नाइ सिरु पैठेउ बागा। फल खाएसि तरु तोरैं लागा ॥
रहे तहाँ बहु भट रखवारे। कछु मारेसि कछु जाइ पुकारे ॥

पुकारे = cried for help.

सीताजी को सिर नवाकर हनुमान्‌जी विदा हुए और बाग में घुस कर उन्होंने फल खाए और वे वृक्षों को तोड़ने लगे। वहाँ बहुत से वीर रक्षक थे, जिनमेंसे कुछको हनुमान्‌जी ने मार डाला और कुछने जाकर रावण से पुकार की।

Bowing his head he went and entered the garden and having eaten of the fruit he began to break down the trees. Several sturdy watchmen were posted there. Some he killed and others went and cried for help.

नाथ एक आवा कपि भारी। तेहिं असोक बाटिका उजारी ॥
खाएसि फल अरु बिटप उपारे। रच्छक मर्दि मर्दि महि डारे ॥

उजारी = laid waste, devastated. उपारे = uprooted. मर्दि मर्दि = crushed and trampled. डारे = felled.

हे नाथ, एक भारी बन्दर आया है जिसने अशोक वाटिका उजाड़ दी है, फल खा लिये हैं, वृक्ष उखाड़ डाले हैं और रखवालों को मसल मसलकर पृथिवी पर दे मारा है।

"My lord, a monster monkey has come and devastated the Aśoka grove. He has eaten the fruit and uprooted the trees, and has laid the watchmen on the ground, crushed and trampled (to death)."

सुनि रावन पठए भट नाना । तिन्हहि देखि गर्जेउ हनुमाना ॥
सब रजनीचर कपि संघारे । गए पुकारत कछु अधमारे ॥

संघारे = killed. अधमारे = half dead, fatally wounded.

यह सुनकर रावण ने बहुत से योद्धाओं को भेजा । उन्हें देखकर हनुमान्जी ने गर्जना की । फिर हनुमान्जी ने राक्षसों को मार डाला । कुछ अधमरे राक्षस चिल्लाते हुए रावण के पास गए ।

On hearing this Rāvaṇa sent a number of warriors. Seeing them Hanumān roared and killed them all. Some of them, more dead than alive, ran off shrieking.

पुनि पठयउ तेहि अच्छकुमारा । चला संग लै सुभट अपारा ॥
आवत देखि बिटप गहि तर्जा । ताहि निपाति महाधुनि गर्जा ॥

अपारा = countless, immense number. तर्जा = challenged, threatened. निपाति = having felled.

फिर रावण ने अक्षयकुमार को भेजा, वह संग में असंख्य योद्धाओं को लेकर चला । अक्षयकुमार को आते देखकर हनुमान्जी ने एक वृक्ष लेकर ललकारा और उसे मारकर बड़े ज़ोर से गर्जना की ।

Then Rāvaṇa sent the prince Akshayakumāra who took with him a countless host of best warriors. Seeing him approach he seized a tree and challenged him and with an awful roar dropped him dead.

दो०—कछु मारेसि कछु मर्देसि, कछु मिलएसि धरि धूरि ।
कछु पुनि जाइ पुकारे, प्रभु मर्कट बल भूरि ॥१६॥

मर्देसि = crushed. धरि = having seized. मर्कट = monkey भूरि = much.

जो राक्षस आए थे, उन में से कुछ को मार डाला, कुछ को मसल डाला और कुछ को धूल में मिला दिया और कुछ ने फिर जाकर पुकार की कि हे स्वामी, बन्दर बड़ा बलवान् है ।

Some he killed, some he crushed, some he seized and knocked down into the dust, while a few ran back and cried again, "Lord, the monkey is too strong for us."

सुनि सुतबध लंकेस रिसाना। पठएसि मेघनाद बलवाना ॥
मारेसु जनि सुत बाँधेसु ताही। देखिअ कपिहि कहाँ कर आही ॥

लंकेस = king of Laṅkā, Rāvaṇa. रिसाना = full of rage, furious. बाँधेसु = take captive, bind.

पुत्र-वध सुनकर लंकापति रावण क्रोध से भर गया और उसने बलवान् मेघनाद को भेजा और उसे कह दिया कि हे पुत्र, उसको मारना मत, वरन् बाँध लाना, देखें तो वह बन्दर है कहाँ का ?

On hearing the death of his son, Rāvaṇa was furious and he sent the mightly Meghanāda. "Do not kill him, my son, but take him captive, for, I would like to know where the monkey hails from."

चला इंद्रजित अतुलित जोधा। बंधु निधन सुनि उपजा क्रोधा ॥
कपि देखा दारुन भट आवा। कटकटाइ गर्जा अरु धावा ॥

अतुलित = peerless, matchless. इंद्रजित = the conqueror of Indra, Meghanāda, whose name was changed by Brahmā to Indrajit after he had conquered Indra. अतुलित = unequalled, peerless, matchless. बंधु = brother. निधन = death. दारुण भट = a formidable warrior. कटकटाइ = grinding the teeth, chattering the teeth. धावा = rushed forward.

इन्द्र को जीतने वाला अतुल वीर मेघनाद चला, भाई का मरना सुनकर उसे क्रोध उत्पन्न हो आया। हनुमान्‌जी ने जब यह देखा कि कोई भयानक वीर आया है, तब वे कटकटा कर गर्जे और उस पर झपटे।

Indrajit, a peerless warrior, sallied forth being full of rage at the death of his brother. When the monkey saw this formidable warrior approach, he ground his teeth, roared and made a rush at him.

अति बिसाल तरु एक उपारा। बिरथ कीन्ह लंकेस कुमारा ॥
रहे महाभट ताके संगा। गहि गहि कपि मर्दइ निज अंगा ॥

बिरथ = without chariot, deprived of the car, or swept away from the car. अंगा = limbs, body—hence weight of the whole body.

उन्होंने एक अत्यन्त विशाल वृक्ष उखाड़ लिया और लंकापति रावण के बेटे मेघनाद को रथ-विहीन कर दिया (उसका रथ तोड़ डाला)। उसके साथ जो बड़े बड़े योद्धा थे, उन्हें पकड़ पकड़ कर हनुमान्‌जी अपने शरीर के नीचे दबाकर मसलने लगे।

He tore up a large tree and with it swept the prince of Laṅkā off his chariot. As for the mighty warriors who were with him, he seized them one by one and crushed them under his weight.

तिन्हहिं निपाति ताहि सन बाजा। भिरे जुगल मानहुँ गजराजा ॥
मुठिका मारि चढ़ा तरु जाई। ताहि एक छन मुरुछा आई ॥

सन = with. बाजा = closed up with, grappled with. भिरे = rushed at each other. गजराजा = lordly elephants. मुठिका मारि = striking with the fist. मुरुछा from मूर्च्छा = swoon.

उन सब को मार कर वे मेघनाद से युद्ध करने लगे। दोनों ऐसे भिड़े मानो दो गजराज लड़ रहे हों। मेघनाद को घूँसा मारकर हनुमान्‌जी एक वृक्षपर जा चढ़े घूँसे से मेघनाद को एक क्षण के लिये मूर्च्छा आ गई।

Having felled them down he closed up with Meghanāda. They rushed at each other like two lordly elephants. Giving him a blow with his fist Hanumān went and climbed up a tree, while for a moment a swoon came over Meghanāda.

उठि बहोरि कीन्हेसि बहु माया। जीति न जाय प्रभंजन-जाया ॥

माया = tricks, enchantments, magical tricks. प्रभंजन-जाया = the Son of Wind.

फिर उठकर मेघनाद ने बहुत माया की, परन्तु पवन-पुत्र हनुमान्‌जी किसी तरह जीते नहीं जा सके।

But the latter rose up again and practised many magical tricks; still the Son of Wind was hard to conquer.

दो०—ब्रह्म अस्त्र तेहि साधा, कपि मन कीन्ह बिचार।
जौं न ब्रह्मसर मानउँ, महिमा मिटै अपार ॥२०॥

ब्रह्म अस्त्र = Brahmā's magical weapon. साधा = made ready. ब्रह्मसर = the shaft of Brahmā. मानउँ = obey, submit to. महिमा = greatness, efficacy. अपार = infinite.

तब मेघनाद ने ब्रह्मास्त्र चढ़ाया, हनुमान्‌जी ने मन में विचार किया कि यदि ब्रह्मबाण को न मानूँगा तो उसकी अपार महिमा मिट जाएगी।

Then he got ready Brahmā's magical weapon and the monkey thought in his mind, "If I do not submit to Brahmā's shaft, its infinite efficacy would be lost."

ब्रह्मबान कपि कहुँ तेहि मारा। परतिहुँ बार कटकु संघारा ॥
तेहि देखा कपि मुरछित भयेऊ। नागपास बाँधेसि लै गयेऊ ॥

ब्रह्मबान = the magic dart of Brahmā. परतिहुँ बार = as he fell. कटकु = host, army. मुरछित = fainted, swooned. नागपास = running noose, a magical noose to entangle an enemy.

मेघनाद ने हनुमान्‌जी को ब्रह्मबाण मारा पर उन्होंने गिरते हुए भी राक्षसों की सेना का संहार कर दिया। मेघनाद ने जब देखा कि बंदर मूर्छित हो गया है, तब नागफाँस से बाँध कर उसे ले गया।

He shot the Brahmā's magical dart at the monkey, who knocked down the whole army as he fell. When Meghanāda saw that the monkey had swooned, he tied him with a running noose and carried him off.

जासु नाम जपि सुनहु भवानी। भवबंधन काटहिं नर ग्यानी॥
तासु दूत कि बँध तर आवा। प्रभु कारज लगि कपिहि बँधावा॥

भवानी = Pārvatī. भवबंधन = bonds of existence, worldly bondage. ग्यानी from ज्ञानी = wise. बँध तर आवा = came under bondage.

शिवजी कहते हैं कि हे भवानी। सुनो! जिनके नाम को जपकर ज्ञानी मनुष्य संसार के बंधन काट डालते हैं, उनका दूत क्या किसी के बंधन में पड़ सकता है? प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के कार्य के लिये हनुमान्‌जी ने स्वयं ही अपने को बँधवा लिया।

"Listen, O Bhavānī, how could the messenger of the Lord, by muttering whose name the wise men cut the bonds of existence, himself come under bondage? Or rather, the monkey allowed himself to be bound for the sake of his Lord's business.

कपि बंधन सुनि निसिचर धाए। कौतुक लागि सभा सब आए॥
दसमुख सभा दीखि कपि जाई। कहि न जाइ कछु अति प्रभुताई॥

कौतुक लागि = out of curiosity, for seeing the fun. प्रभुताई = majesty, grandeur, splendour.

बंदर का बाँधा जाना सुनकर राक्षस दौड़े। तमाशा देखने के लिये वे सब सभा में पहुँचे। हनुमान्‌जी ने जाकर रावण की सभा देखी। उस की अपार महिमा का कुछ वर्णन नहीं किया जा सकता।

Hearing that the monkey had been bound, the demons rushed to the court for seeing the fun. On arriving there the monkey saw that the splendour of Rāvaṇa's court was beyond all description.

कर जोरे सुर दिसिप बिनीता। भृकुटि बिलोकत सकल सभीता॥
देखि प्रताप न कपि मन संका। जिमि अहिगन महुँ गरुड़ असंका॥

सुर = gods. दिसिप = regents of the quarters. भृकुटि = frown. संका = fear. अहिगन = bunch of snakes. असंका = fearless.

देवता और दिक्पाल नम्रतापूर्वक हाथ जोड़े खड़े थे और सब भय से उसकी त्योरी की ओर देख रहे थे। रावण का ऐसा प्रताप देखकर हनुमान्जी के मन में कुछ भी भय न हुआ। वे इस प्रकार निर्भय रहे जैसे सर्पों के बीच में गरुड़ निर्भय रहता है।

The gods and regents of the quarters, with folded hands and in submission, were all looking at him in fear as he frowned. But the monkey was not at all daunted to see his majesty and was as fearless as Garuḍa in a bunch of snakes.

दो०—कपिहिं बिलोकि दसानन, बिहँसा कहि दुर्बाद।
सुतबध सुरति कीन्ह पुनि, उपजा हृदय बिषाद॥२१॥

बिहँसा = burst into a laughter, laughed. दुर्बाद = abuse. सुरति = remembrance, recollection. बिषाद = sorrow, grief.

बंदर को देखकर रावण गाली देकर हँसा। फिर, जब उसने अपने पुत्र के बध का स्मरण किया तब उसके हृदय में शोक उत्पन्न हुआ।

As soon as Rāvaṇa saw the monkey, he abused him and burst into a laughter. But on recollection of his son's death his mind was filled with sorrow.

कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि के बल घालेहि बन खीसा॥
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखौं अति असंक सठ तोही॥

घालेहि खीसा = wrought havoc, devastated. असंक = fearless, bold, obstinate. सठ = rascal, varlet, scamp.

लंकापति रावण ने कहा कि अरे बंदर, तू कौन है? किसके बूते पर तूने बन को उजाड़ा? क्या तू मुझे कानों से नहीं सुनता? अरे दुष्ट, मैं तुझे बहुत ही निडर देखता हूँ!

Rāvaṇa asked, "Who are you, monkey, and on whose authority have you wrought havoc in my garden? What! don't you hear me? I see you are an uncommonly bold scamp.

मारे निसिचर केहि अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कै बाधा॥
सुनु रावन ब्रह्मांड निकाया। पाइ जासु बल बिरचति माया॥

अपराधा = offence, fault. बाधा = danger, peril, *i.e.*, fear. ब्रह्मांड निकाया = all the spheres. बिरचति = creates.

तूने राक्षसों को किस अपराध के लिये मारा? अरे दुष्ट! बतला, क्या तुझे प्राणों का भी डर नहीं है? हनुमान्‌जी ने उत्तर दिया—हे रावण! सुन, जिनका बल पाकर माया समस्त ब्रह्मांडों की रचना करती है,

"For what offence did you kill the demons? Speak, wretch, have you no fear of your life?" "Listen, Rāvaṇa, He, by whose might Māyā creates all these spheres,

जाके बल बिरंचि हरि ईसा। पालत सृजत हरत दससीसा॥
जा बल सीस धरत सहसानन। अंडकोस समेत गिरि कानन॥

बिरंचि = Brahmā. हरि = Vishṇu. ईसा = Śiva. पालत = maintain, preserve. सृजत = create. हरत = destroy. दससीसा = Rāvaṇa. सहसानन = the thousand-headed serpent, Śesha. अंडकोस = the mundane egg. गिरि = mountains. कानन = forests.

और जिनके बल से हे रावण! ब्रह्मा, विष्णु और शिव क्रमश: उत्पत्ति पालन और संहार करते हैं, जिनके बल से हज़ार सिर वाले शेषनाग पर्वत और वनों समेत समस्त ब्रह्मांड को अपने सिर पर धारण करते हैं—

"By whose might, O Rāvaṇa, Brahmā, Vishṇu and Śiva create, maintain and destroy the universe; by whose might the thousand-headed serpent supports on his head the mundane egg with its mountains and forests ;

धरै जो विविध देह सुरत्राता। तुम्ह से सठन्ह सिखावन दाता ॥
हर कोदंड कठिन जेहि भंजा। तेहि समेत नृपदल मद गंजा ॥

सुरत्राता = the protector of the gods. सिखावन = lesson. कोदंड = bow. कठिन = strong, stubborn. भंजा = broke. नृपदल = the assembled kings. मद = pride. गंजा = crushed.

जो देवताओं के रक्षक हैं और तरह तरह के शरीर धारण किया करते हैं, जो तुम्हारे जैसे दुष्टों को शिक्षा देने वाले हैं, जिन्होंने शिवजी के कठोर धनुष को तोड़ा और उस समेत राजाओं के दल का अभिमान चूर्ण किया।

"Who protects the gods and assumes various forms to teach a lesson to wretches like you; who broke the strong bow of Śiva and with it also crushed the pride of the assembled kings ;

खर दूषन त्रिसिरा अरु बाली। बधे सकल अतुलित बलसाली ॥

बलसाली = strong, mighty.

जिन्होंने अतुल-बल-संपन्न खर, दूषण, त्रिशिरा और बाली, सब को मार डाला—

"Who slew Khara, Dūshaṇa, Triśiras and Bālī, in spite of their matchless strength ;

दो०—जाके बल लवलेस तें, जितेहु चराचर झारि।
तासु दूत मैं जा करि, हरि आनेहु प्रिय नारि ॥२२॥

लवलेस = small fraction, slightest part. जितेहु = you have conquered. झारि = mass, group.

जिनके बल के लेशमात्र से (अर्थात् शंकरजी ने तुझे जो बल दिया था यह उनके बल का लेशमात्र है) तूने चर और अचर सब को जीत लिया है और जिनकी प्यारी स्त्री को तू चुरा लाया है, मैं उन्हीं का दूत हूँ।

"By the mere fraction of whose might you have conquered the entire mass of creation, animate and inanimate; He it is, whose messenger I am, and it is his beloved wife whom you have abducted.

जानौं मैं तुम्हारि प्रभुताई। सहसबाहु सन परी लराई ॥
समर बालि सन करि जसु पावा। सुनि कपि बचन बिहँसि बहरावा ॥

प्रभुताई = might, power, strength. सहसबाहु = Sahasrabāhu Arjuna, who had one thousand arms. बहरावा = turned a deaf ear, feigned as if he were deaf.

मैं तुम्हारी शक्ति को जानता हूँ। सहस्रबाहु से तुम्हारी लड़ाई हुई थी और तुमने बालि से युद्ध करके भी यश पाया था (कथा परिशिष्ट में देखिये)। हनुमान्‌जी के वचन सुनकर रावण ने उन्हें हँसकर टाल दिया, जैसे सुना ही न हो।

"I know your strength: you had a fight with Sahasra-bāhu Arjuna, and earned glory in your contest with Bālī." Hearing the words of the monkey he smiled as though he had not heard him.

खायेउँ फल प्रभु लागी भूखा। कपि सुभाव तें तोरेउँ रूखा ॥
सब के देह परम प्रिय स्वामी। मारहिं मोहि कुमारग गामी ॥

कुमारग गामी = perverse, evil-doers.

मुझे भूख लगी थी इसलिये फल खा लिये और वृक्षों को तोड़ना बंदरों का स्वभाव ही होता है, मैंने भी उसी स्वभाववश वृक्ष तोड़ डाले। इस पर ये दुराचारी राक्षस मुझे मारने लगे। हे स्वामी, देह सब को अत्यन्त प्यारी होती है।

"I ate the fruit, my lord, because I felt hungry, and then, as natural to a monkey, I began breaking the trees. Every one, my lord, loves his life more than anything else: those perverse creatures fell upon me.

जिन्ह मोहि मारा ते मैं मारे। तेहि पर बाँधेउ तनय तुम्हारे ॥
मोहि न कछु बाँधे कर लाजा। कीन्ह चहौं निज प्रभु कर काजा ॥

तनय = son. लाजा from लज्जा = shame.

जिन्होंने मुझे मारा, उन्हीको मैंने मारा। इस पर तुम्हारे पुत्र ने मुझे बाँध लिया। मुझे अपने बाँधे जाने की कुछ भी लज्जा नहीं है, क्योंकि मैं अपने प्रभु श्रीरामचन्द्रजी का कार्य करना चाहता हूँ।

"I only struck those who struck me and at this your son put me in bonds. But I am not at all ashamed of being put in bondage, for, I want to accomplish my master's business.

बिनती करौं जोरि कर रावन। सुनहु मान तजि मोर सिखावन ॥
देखहु तुम्ह निज कुलहिं बिचारी। भ्रम तजि भजहु भगत भयहारी ॥

मान = pride. सिखावन = advice. भ्रम = mistake. भगत = worshippers, devotees.

हे रावण, मैं हाथ जोड़कर विनती करता हूँ। अभिमान छोड़कर मेरी सीख सुनो। तुम अपने कुल को विचार कर देखो (अर्थात् पुलस्त्य ऋषि के वंशज और ब्रह्मा के पुत्र होकर तुम राक्षसों का काम करते हो) और भ्रम छोड़कर भक्तों के भय को हरने वाले भगवान् को भजो।

"Rāvaṇa, I implore you with clasped hands to abandon your pride and listen to my advice. Have some consideration for your own family; rectify your mistake and adore him who dispels the fears of his devotees.

जाके डर अति काल डराई। जो सुर असुर चराचर खाई ॥
तासों बैरु कबहुँ नहिं कीजै। मोरे कहे जानकी दीजै ॥

बैरु from बैर = enmity.

जिसके डर से देवता, राक्षस और चराचर को भक्षण करने वाला काल भी डरता है, उससे वैर कभी नहीं करना चाहिये। इसलिये मेरे कहने से जानकीजी को दे दो।

"Never be up in arms against him, for fear of whom even Death, the devourer of gods and demons, animate and inanimate creation alike, trembles exceedingly. I advise you to restore Jānakī.

दो०—प्रनतपाल रघुनायक, करुनासिंधु खरारि।
गये सरन प्रभु राखिहिं, तव अपराध बिसारि ॥२३॥

प्रनतपाल = the protector of suppliants. करुनासिंधु = ocean of mercy. खरारि = Khara's foe, Rāma. सरन from शरण = shelter. राखिहिं = will protect.

खर के शत्रु श्रीरामचन्द्रजी दया के समुद्र हैं और दीनों को पालनेवाले हैं। शरण में जाने से वे प्रभु तुम्हारे अपराध भुलाकर तुम्हारी रक्षा ही करेंगे।

"Rāma is the protector of suppliants, he is an ocean of mercy. If you seek shelter under him, he would forget your faults and protect you.

राम चरन पंकज उर धरहू। लंका अचल राजु तुम्ह करहू ॥
रिषि पुलस्ति जसु बिमल मयंका। तेहि ससि महुँ जनि होहु कलंका ॥

उर धरहू = bring faith on. अचल = uninterrupted. बिमल = stainless, spotless, immaculate. मयंका = moon. कलंका = spot.

श्रीरामचन्द्रजी के चरण-कमलों को हृदय में धारण करके लंका में अचल राज्य करो। पुलस्त्य ऋषि का यश निर्मल चन्द्रमा है, उस चन्द्रमा के कलंक मत बनो।

"Bring faith on Rāma's lotus-feet and enjoy uninterrupted sovereignty of Laṅkā. The glory of the sage Pulastya is stainless as the moon. Do not be a spot on that moon.

राम नाम बिनु गिरा न सोहा। देखु बिचारि त्यागि मद मोहा॥
बसन हीन नहिं सोह सुरारी। सब भूषनभूषित बर नारी॥

गिरा = speech. मद = pride. मोहा = vanity, ignorance, infatuation. बसन = clothes. हीन = without. सुरारी = enemy of gods, Rāvaṇa. बर = beautiful.

अभिमान और मोह को त्यागकर विचार करके देखो—श्रीरामचन्द्रजी के नाम के बिना वाणी शोभा नहीं पाती। हे देवताओं के शत्रु! सब गहनों से सजी हुई होने पर भी सुंदरी स्त्री वस्त्रों के बिना शोभित नहीं होती।

"No speech has any charm if there is no Rāma's name in it. Abandon pride and ignorance and then think and see for yourself. Without clothes, O Rāvaṇa, a beautiful woman, however richly adorned with ornaments, is a disgraceful sight.

राम बिमुख संपति प्रभुताई। जाइ रही पाई बिनु पाई॥
सजल मूल जिन्ह सरितन्ह नाहीं। बरषि गयी पुनि तबहिं सुखाहीं॥

संपति = wealth, riches. प्रभुताई = authority, kingdom. जाइ रही = gone at once, is lost. सजल = perennial, having water all the year round. मूल = source. सरितन्ह = streams. बरषि = rainy reason, rains. सुखाहीं = dry up.

जो मनुष्य श्रीरामचन्द्रजी से विमुख हैं उसकी सम्पत्ति और प्रभुता गई सी ही समझनी चाहिये, मिलने पर भी वह न मिलने के समान है। जिस तरह जिन नदियों का निकास सजल (जलपूर्ण) नहीं है, वे वर्षा हो जाने के पश्चात् तुरंत सूख जाती है।

"The wealth and authority of one who recoils from the name of Rāma is soon lost. Their acquisition is no acquisition at all. The streams, that have no perennial source, dry up soon after the rains.

सुनु दसकंठ कहौं पन रोपी। बिमुख राम त्राता नहिं कोपी ॥
संकर सहस विष्णु अज तोही। सकहिं न राखि राम कर द्रोही ॥

पन रोपी = on oath. त्राता = protector. कोपी from कोऽपि = any one. सहस = a thousand. अज = Brahmā. राखि = save, protect. द्रोही = enemy.

हे रावण! सुनो, मैं पन (शर्त) लगाकर कहता हूँ कि श्रीरामचन्द्रजी से विमुख व्यक्ति को बचाने वाला कोई भी नहीं है। तुम्हें, जो श्रीरामचन्द्रजी के वैरी हो, हज़ारों शिव, विष्णु और ब्रह्मा भी नहीं बचा सकते।

"Listen, Rāvaṇa, I declare it on oath that no one will save him who is hostile to Rāma. Even a thousand Brahmās, Vishṇus and Śivas cannot protect you, the enemy of Rāma.

दो०—मोहमूल बहु सूलप्रद, त्यागहु तम अभिमान।
भजहु राम रघुनायक, कृपासिंधु भगवान ॥२४॥

मोह-मूल = source or cause of ignorance. सूल-प्रद = harrowing, pain-inflicting, torturing. तम अभिमान = darkness of pride.

तुम तमोगुण पूर्ण अभिमान को त्याग दो, जो अज्ञान की जड़ है और बहुत पीड़ा पहुँचाने वाला है और दया के समुद्र भगवान् श्रीरामचन्द्रजी का भजन करो।

"Give up darkness of pride which is the source of ignorance and the giver of extreme pain. Worship Lord Rāma, the hero of Raghu's race and an ocean of mercy."

जदपि कही कपि अति हित बानी । भगति बिबेक बिरति नय सानी ॥
बोला बिहँसि महा अभिमानी । मिला हमहिं कपि गुर बड़ ग्यानी ॥

हित = friendly, beneficent, salutary. भगति = faith. बिबेक = discretion. बिरति = renunciation, impartiality. नय = virtue, prudence, justice. सानी = full of. गुर from गुरु = adviser, preceptor. ग्यानी = sage, sagacious.

यद्यपि हनुमान्जी ने भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और नीति से भरी हुई अत्यन्त हित की बातें कहीं, तथापि वह महा अभिमानी रावण हँसकर कहने लगा कि हमें यह बंदर बड़ा ज्ञानी गुरु मिला है !

Though the monkey had made a salutary speech, full of faith, discretion, impartiality and prudence, he, extremely proud as he was, sneered at him and said, "I have, indeed, found the most sagacious adviser in this monkey !

मृत्यु निकट आई खल तोही । लागेसि अधम सिखावन मोही ॥
उलटा होइहि कह हनुमाना । मतिभ्रम तोर प्रगट मैं जाना ॥

मतिभ्रम = something wrong with reason. प्रगट from प्रकट = clearly.

अरे दुष्ट तेरी मृत्यु पास आ गई है । नीच, इसलिये तू मुझे सीख देने लगा है ! हनुमान्जी ने कहा कि ठीक इसका उलटा होगा अर्थात् मेरी मौत आने की तो अभी संभावना नहीं पर तेरी मौत निश्चित है । मुझे स्पष्ट प्रतीत होता है कि तेरी बुद्धि फिर गई है ।

"Death is hanging on your head, wicked wretch, that you have dared give me such counsel." "It will be quite the reverse", said Hanumān, "I clearly see that there is something wrong with your reason."

सुनि कपि बचन बहुत खिसिआना । बेगि न हरहु मूढ़ कर प्राना ॥
सुनत निसाचर मारन धाए । सचिवन्ह सहित बिभीषन आए ॥

खिसिआना = furious. बेगि = quickly, at once.

हनुमान्‌जी के वचन सुनकर रावण बहुत खीझा और कहने लगा कि इस मूर्ख को शीघ्र ही क्यों नहीं मार डालते ? यह सुनकर राक्षस हनुमान्‌जी को मारने के लिये दौड़े। उसी समय मन्त्रियों समेत विभीषण आ गए।

On hearing the words of the monkey, he became furious and said, "Why don't you put an end to this fool's life at once ?" As soon as the demons heard this, they rushed forward to slay him, but just then Vibhīshaṇa stepped forward with the ministers.

नाइ सीस करि बिनय बहूता । नीति बिरोध न मारिअ दूता ॥
आन दंड कछु करिअ गोसाँई । सबहीं कहा मंत्र भल भाई ॥

दूता = ambassador. आन from अन्य = another. दंड = punishment. गोसाँई = lord, sire. मन्त्र = counsel. भल = sound. excellent. भाई = brother, friend.

सिर नवाकर उन्होंने बहुत विनती की और कहा कि दूत को मारना नहीं चाहिये क्योंकि यह नीति के विरुद्ध है। हे स्वामी, इसलिये कुछ और दंड दीजिये। इस पर सब राक्षसों ने कहा कि भाई, यह सलाह अच्छी है।

Bowing his head he prayed earnestly. "It is against all statecraft : an ambassador must not be killed. Inflict some other punishment on him, my lord." At this all exclaimed, "This is sound counsel, friend."

सुनत बिहँसि बोला दसकंधर । अंगभंग करि पठइअ बंदर ॥

दसकंधर = Ten-necked, Rāvaṇa. अंगभंग = mutilation of limbs, breaking the limbs.

यह सुनकर रावण हँसकर कहने लगा कि बंदर को अंगभंग करके (कोई अंग काटकर) भेज दो।

Hearing this Rāvaṇa laughed and said, "Mutilate the limbs of this monkey and let him off.

दो०—कपि कै ममता पूँछ पर, सबहिं कहेउ समुझाय।
तेल बोरि पट बाँधि पुनि, पावक देहु लगाय ॥२५॥

ममता = love. बोरि = steeped, soaked. पावक = fire.

रावण ने सबको समझाकर कहा कि बंदर को पूँछ बहुत प्यारी होती है, इसलिये कपड़े को तेल में डुबोकर और फिर उसे इसकी पूँछ पर बाँधकर आग लगा दो।

"A monkey loves his tail very much," explained he to all. "Wrap it with rags soaked in oil and set fire to it.

पूँछहीन बानर तहँ जाइहि। तब सठ निज नाथहिं लै आइहि॥
जिन्ह कै कीन्हेसि बहुत बड़ाई। देखौं मैं तिन्ह कै प्रभुताई॥

पूँछ-हीन = tailless. कीन्हेसि बहुत बड़ाई = has so extravagantly exalted, has extolled so much.

जब बिना पूँछ का यह बंदर वहाँ जाएगा, तब दुष्ट अपने स्वामी को साथ ले आएगा। जिनकी इसने बहुत बड़ाई की है, मैं भी तो देखूँ उनकी सामर्थ्य कैसी है?

"The tailless monkey will go there and the wretch will fetch his master here. Then shall I see his might whom he has praised so extravagantly."

बचन सुनत कपि मन मुसुकाना। भइ सहाय सारद मैं जाना॥
जातुधान सुनि रावन बचना। लागे रचै मूढ़ सोइ रचना॥

सारद from शारदा = Sarasvatī. रचना = preparation.

यह वचन सुनकर हनुमान्जी अपने मन ही मन मुसकराए। मैं समझता हूँ कि सरस्वती जी सहायक हो गई हैं। रावण के वचन सुनकर मूर्ख राक्षस वही रचना रचने (काम करने) लगे, जो उसने कही थी।

The monkey smiled to himself as he heard these words. "I know, Sarasvatī, has helped me." Hearing Rāvaṇa's command the foolish demons began to make the same preparations.

रहा न नगर बसन घृत तेला। बाढ़ी पूँछ कीन्ह कपि खेला॥
कौतुक कहँ आए पुरबासी। मारहिं चरन करहिं बहु हाँसी॥

कीन्ह खेला = played a trick. कौतुक = sight, spectacle, fun.

इधर हनुमान्जी ने एक खेल किया। अपनी पूँछ इतनी लंबी कर दी कि नगर भर में लपेटने के लिये कपड़ा तथा भिगोने के लिये घी और तेल कुछ भी नहीं बचा। तमाशा देखने के लिये नगर-निवासी वहाँ आ गए। वे उसे लात मारते और खूब हँसी करते थे।

The monkey played a trick and increased his tail to such a length that not a rag was left in the city, nor a drop of ghee or oil. The citizens crowded to see the spectacle, and kicked him and jeered at him very much.

बाजहिं ढोल देहिं सब तारी। नगर फेरि पुनि पूँछ प्रजारी॥
पावक जरत देखि हनुमंता। भयेउ परम लघुरूप तुरंता॥

बाजहिं = beat. ढोल = drums. तारी = clapping of hands. फेरि = taking round. प्रजारी = set fire to. जरत = blazing. परम लघु = very diminutive.

वे सब ढोल बजाने और ताली पीटने लगे। फिर हनुमान्जी को नगर में घुमाकर उनकी पूँछ में आग लगा दी। आग जलती देखकर हनुमान्जी ने तुरंत ही अत्यन्त छोटा रूप धारण कर लिया।

With the beating of drums and clapping of hands they took him round the city and then set fire to his tail. When Hanumān saw the fire blazing, he at once reduced himself to a very diminutive size.

निबुकि चढ़ेउ कपि कनक अटारी। भईं सभीत निसाचर नारी ॥

निबुकि = leaping or slipping out (of the bonds). कनक अटारी = the upper story of the gilded palace. सभीत = afraid, full of consternation.

फिर उछलकर वे सोने की अटारी पर चढ़ गए जिससे राक्षस (रावण) की स्त्रियाँ भयभीत हो गईं।

Slipping out of his bonds, the monkey climbed on the top of the gilded palace, to the great consternation of the giant's wives.

दो०—हरि प्रेरित तेहि अवसर, चले मरुत उनचास।
अट्टहास करि गर्जा, कपि बढ़ि लाग अकास ॥२६॥

हरि प्रेरित = *at the* instance of Hari. मरुत उनचास = the forty-nine Winds. In the Vedas the Maruts are said to be sixty-three in number. *In* post-Vedic literature they are described as the sons of Diti, either seven, or seven times seven in number. After Diti's elder sons, the Asuras, had been subdued by Indra, their mother implored her husband Kaśyapa, the son of Marīchi, to bestow on her a son who would destroy Indra. Her request was granted: but Indra, with his thunder-bolt, divided the child, with which she was pregnant, into forty-nine pieces, which commenced uttering grievous cries, till Indra in compassion transformed them into the Maruts, or Winds. अट्टहास करि = laughing boisterously, cachinnating. लाग = touched.

भगवान् की प्रेरणा से उस समय उनचासों पवन चलने लगे। हनुमान्जी ने अट्टहास करके गर्जना की और बढ़कर वे आकाश से जा लगे।

At that time, at the instance of Hari, the forty-nine Winds began to blow. The monkey roared with a boisterous laugh and waxed so big that he touched the sky.

देह बिसाल परम हरुआई। मंदिर तें मंदिर चढ़ धाई॥
जरै नगर भा लोग बिहाला। झपट लपट बहु कोटि कराला॥

हरुआई = light, agile. बिहाला = in confusion, at their wit's end. लपट = flames. कराला = terrible.

हनुमान्जी की देह विशाल थी पर थी बहुत ही हलकी। वे एक घर से दूसरे घर पर चढ़ कर दौड़ने लगे। सारा नगर जलने लगा, लोग व्याकुल हो गए और अग्नि की कई करोड़ भयंकर लपटें झपटने लगीं।

With that enormous but extremely agile body he leaped and ran from house to house. The whole city was ablaze and the people were in confusion; for, countless millions of terrific flames had burst forth.

तात मातु हा सुनिअ पुकारा। एहि अवसर को हमहिं उबारा॥
हम जो कहा यह कपि नहिं होई। बानर रूप धरे सुर कोई॥

तात = father. हा = alas! उबारा = save.

हाय पिता! हाय माता! यह चिल्लाहट सुनाई पड़ने लगी। सब कहने लगे इस समय हमारी रक्षा कौन करेगा? हमने जो कहा था कि यह बंदर नहीं है पर कोई देवता बंदर का रूप धारण किये हुए है।

"Alas! father and mother, listen to our cry! Who will save us at this time? As we said, this was not a monkey but some god in the form of a monkey.

साधु अवग्या कर फल ऐसा। जरै नगर अनाथ कर जैसा ॥
जारा नगरु निमिष एक माहीं। एक बिभीषन कर गृह नाहीं ॥

साधु = good man. अवग्या from अवज्ञा = insult, slighting. अनाथ = without a protector. निमिष = twinkling of an eye.

साधु के तिरस्कार (अपमान) का यही फल होता है कि नगर ऐसे जल रहा है जैसे वह किसी अनाथ का हो अर्थात् उसका कोई रक्षक न हो। केवल विभीषण के घर को छोड़ कर हनुमान्जी ने एक क्षण में सारा नगर जला डाला।

"This is the reward of slighting a good man; the city is burning as if it had no protector." The city was consumed in the twinkling of an eye, save only the house of Vibhīshaṇa.

ताकर दूत अनल जेहि सिरिजा। जरा न सो तेहि कारन गिरिजा ॥
उलटि पलटि लंका सब जारी। कूदि परा पुनि सिंधु मँझारी ॥

सिरिजा = created. गिरिजा = Pārvatī. उलटि पुलटि = turning upside down, subverting. मँझारी = middle, within.

महादेवजी कहते हैं कि हे पार्वती जिसने अग्नि को उत्पन्न किया है, हनुमान्जी उसीके दूत थे। इसी कारण वे नहीं जले। हनुमान्जी ने उलट पलटकर सारी लंका को जला दिया और फिर समुद्र में कूद पड़े।

The reason why Hanumān was not burnt, O Pārvatī, was that he, whose messenger he was, was also the creator of fire. Having subverted Laṅkā and burnt it down, he threw himself into the middle of the ocean.

दो०—पूँछ बुझाइ खोइ स्रम, धरि लघु रूप बहोरि।
जनकसुता के आगे, ठाढ़ भयेउ कर जोरि ॥२७॥

बुझाइ = having extingnished. खोइ = removing. स्रम = fatigue. ठाढ़ भयेउ = stood.

पूँछ को बुझाकर और थकावट को दूर करके हनुमान्‌जी ने फिर छोटा रूप धारण कर लिया और हाथ जोड़कर वे सीताजी के आगे जा खड़े हुए।

Having extinguished his tail and removing his fatigue, he assumed his tiny form again and stood before Jānakī with folded hands.

मातु मोहि दीजे कछु चीन्हा। जैसे रघुनायक मोहि दीन्हा ॥
चूड़ामनि उतारि तब दयेऊ। हरष समेत पवनसुत लयेऊ ॥

चीन्हा = token. चूड़ामनि = crest-jewel.

और बोले—हे माता! मुझे कोई वस्तु चिह्नस्वरूप दीजिये जैसे श्रीरामचन्द्रजी ने मुझे दी थी। तब सीताजी ने अपनी चूड़ामणि उतारकर दे दी जिसे प्रसन्नतापूर्वक हनुमान्‌जी ने ले लिया।

"Mother, give me some token such as Rāma had given me." She removed her crest-jewel and gave it to him. The Son of Wind took it gladly.

कहेउ तात अस मोर प्रनामा। सब प्रकार प्रभु पूरनकामा ॥
दीनदयालु बिरुद संभारी। हरहु नाथ मम संकट भारी ॥

प्रनामा = salute, salutation. पूरनकामा = who fulfils all desires. बिरुद = renown. संभारी = taking into account. संकट = distress. भारी = extreme, grievous.

सीताजी ने कहा—हे तात, भगवान् को मेरा प्रणाम करके यह कहना कि हे प्रभु आप तो सब प्रकार कामनाएँ पूरी करने वाले हैं। अपने दीनदयालु होने के यश को ध्यान में रखते हुए आप मेरे भारी संकट को दूर कीजिये।

"Convey to him my salutation, my son, with these words, 'My Lord, you fulfil the desires in every way. Taking into account your renown of being kind to the afflicted, rid me, my Lord, of my extreme distress'.

तात सक्रसुत कथा सुनायेहु। बान प्रताप प्रभुहिं समुझायेहु ॥
मास दिवस महुँ नाथु न आवा। तौ पुनि मोहि जिअत नहिं पावा॥

सक्र-सुत = son of Indra, Jayanta, who had attacked Sītā in the form of a crow. प्रताप = might. समुझायेहु = remind. जिअत = living, alive.

हे तात! प्रभु श्रीरामचन्द्रजी को इन्द्र के पुत्र जयन्त की कथा सुनाना और उसके पीछे जो बाण छोड़ा था उसका प्रताप समझाना। एक मास के अन्दर यदि स्वामी न आएँगे तो फिर मुझे जीती न पाएँगे।

"Relate to him the story of Indra's son, my child, and remind my Lord of the might of his arrow. If my Lord does not come within a month, he won't find me living.

कहु कपि केहि बिधि राखौं प्राना। तुम्हहूँ तात कहत अब जाना॥
तोहि देखि सीतल भइ छाती। पुनि मोकहुँ सोइ दिनु सोइ राती॥

सीतल भइ छाती = lit. "my breast was cooled", *i.e.* I found solace, it gave me comfort.

हे हनुमान्, तुम्हीं कहो, मैं किस प्रकार प्राण बचाए रक्खूँ? जबकि हे तात, तुम भी जाने के लिये कह रहे हो। तुम्हें देखकर छाती ठंडी हुई थी, अब फिर मेरे लिये वही दिन और वही रातें होंगी।

"Tell me, O monkey, how can I keep myself alive? for, you too, my dear, speak of going. I had found solace at your sight, but henceforth day and night will be the same for me."

दो०—जनकसुतहिं समुझाइ करि, बहु बिधि धीरजु दीन्ह।
चरनकमल सिरु नाइ कपि, गवनु राम पहिं कीन्ह॥२८॥

समुझाइ करि = making her understand, doing his best. धीरजु दीन्ह = consoled.

जानकीजी को समझाकर हनुमान्‌जी ने बहुत प्रकार से धीरज दिया और फिर उनके चरणकमलों में सिर नवाकर वे श्रीरामचन्द्रजी के पास चल दिये।

The monkey did his best to console Sītā in every way, and then bowing his head at her lotus-feet, he set forth to rejoin Rāma.

चलत महाधुनि गर्जेसि भारी। गर्भ स्रवहिं सुनि निसिचर नारी ॥
नाँघि सिंधु एहि पारहिं आवा। सबद किलकिला कपिन्ह सुनावा ॥

गर्भ स्रवहिं = miscarried. किलकिला = cry of joy, chattering noise.

चलते समय हनुमानजी ने बहुत ऊँची आवाज़ से गर्जना की, जिसे सुनकर राक्षसों की स्त्रियों के गर्भ गिर गए। फिर समुद्र को लाँघकर हनुमान्‌जी इस पार आए और उन्होंने बंदरों को अपनी किलकारी का शब्द सुनाया।

As he went, he roared with such a terrific noise that the wives of the demons miscarried. Then crossing the sea he arrived on this shore and gave a cry of joy for the monkeys to hear.

हरषे सब बिलोकि हनुमाना। नूतन जन्म कपिन्ह तब जाना ॥
मुख प्रसन्न तन तेज बिराजा। कीन्हेसि रामचंद्र कर काजा ॥

बिलोकि = seeing. नूतन जन्म = new birth, a new lease of life, a new spell of life. तेज = lustre, radiance. बिराजा = spread, pervaded.

हनुमान्‌जी को देखकर सब वानर प्रसन्न हुए और उन्होंने अपना नया जन्म समझा। उन्होंने कहा तुम्हारा मुख प्रसन्न और शरीर पर तेज विराजमान है, इससे तुमने अवश्य श्रीरामचन्द्रजी का कार्य कर लिया है।

They were all delighted to see Hanumān, as if they had been given a new lease of life. "Your face is happy and your body is so radiant that you must have accomplished Rāma's commission."

मिले सकल अति भये सुखारी। तलफत मीन पाव जिमि बारी ॥
चले हरषि रघुनायक पासा। पूँछत कहत नवल इतिहासा ॥

सुखारी = happy, delighted. तलफत = struggling for life. मीन = fish. बारी = water. नवल = fresh, new, recent. इतिहासा = story, tale, happenings, events.

सब वानर हनुमान्‌जी से मिले और अत्यन्त सुखी हुए, मानो छटपटाती हुई मछली को पानी मिल गया हो। वे सब प्रसन्न होकर हनुमान्‌जी से नए समाचार पूछते और कहते हुए श्रीरामचन्द्रजी के पास चल दिये।

They were as happy to meet him as a fish, struggling for life, feels when it gets back into the water. Joyfully they set out to meet Rāma, talking and listening to the recent happenings on their way.

तब मधुबन भीतर सब आये। अंगद संमत मधुफल खाये ॥
रखवारे जब बरजन लागे। मुष्टिप्रहार हनत सब भागे ॥

संमत = with the consent or permission of. मधुफल = sweet or luscious fruit. बरजन लागे = tried to stop. मुष्टिप्रहार = blows of fists, fisticuffs.

फिर सब लोग मधुवन के भीतर पहुँचे और अंगदजी की संमति से मीठे फल खाने लगे। जब रक्षक लोग रोकने लगे तब वानरों ने उन्हें घूँसों से मारा, जिससे वे सब भाग गए।

Then they reached the Madhuvana and with Aṅgada's consent began to eat of the sweet fruit. When the watchmen tried to stop them, they were put to flight with fist blows.

दो०—जाइ पुकारे ते सब, बन उजार जुबराज।
सुनि सुग्रीव हरष कपि, करि आये प्रभुकाज ॥२८॥

जुबराज = the prince (Aṅgada).

उन सब रक्षकों ने (सुग्रीव के पास) जाकर पुकार की कि युवराज अंगद ने वन को उजाड़ दिया है ! यह सुनकर सुग्रीव प्रसन्न हुए और समझ गए कि वानर प्रभु श्रीरामचन्द्रजी का कार्य पूरा कर आए हैं ।

They went and cried out that prince had laid waste the garden. Hearing this Sugrīva was pleased thinking 'the monkeys must have returned after accomplishing his master's business.'

जौं न होति सीता सुधि पाई । मधुबन के फल सकहिं कि खाई ॥
एहि बिधि मन बिचारि कर राजा । आइ गये कपि सहित समाजा ॥

जौं = if. सुधि = news. सहित = with. समाजा = party

यदि सीता का समाचार न पाया होता तो मधुवन के फल वे क्या खा सकते थे ? राजा सुग्रीव इस प्रकार मन में विचार कर ही रहे थे कि इतने में अपने समाज समेत सब वानर वहाँ आ गए !

Had they got no news of Sītā how could they dare eat the fruits of the Madhuvana ? While the king was musing within himself, the monkeys arrived with their party.

आइ सबन्हि नावा पद सीसा । मिलेउ सबन्हि अति प्रेम कपीसा ॥
पूँछी कुसल कुसल पद देखी । रामकृपा भा काजु बिसेखी ॥

कपीसा = the monkey king, Sugrīva. पद देखी = on seeing your feet. बिसेखी = excellently.

सबने आकर चरणों में सिर नवाया और वानरों के स्वामी सुग्रीव सब से बड़े प्रेम से मिले। फिर सुग्रीव ने जब कुशल पूछी तब उन्होंने कहा कि आप के चरणों के दर्शन से सब कुशल है और श्रीरामचन्द्रजी की कृपा से जो कार्य था वह भली भाँति पूरा हो गया ।

All came and bowed at his feet. The monkey king greeted them with great affection and asked of their welfare. "We are quite well now that we have seen your feet. By Rāma's grace the business has turned out excellently well.

नाथ काजु कीन्हेउ हनुमाना। राखे सकल कपिन्ह के प्राना ॥
सुनि सुग्रीव बहुरि तेहि मिलेऊ। कपिन्ह सहित रघुपति पहिं चलेऊ॥

बहुरि=again. मिलेऊ=embraced.

हनुमान्‌जी ने ही प्रभु का कार्य पूरा किया है और सब वानरों के प्राण बचाए हैं। यह सुनकर सुग्रीव हनुमान्‌जी के गले फिर मिले और सब वानरों समेत श्रीरामचन्द्रजी के पास गए।

"Hanumān has accomplished his Lord's task and has saved the life of all monkeys." On hearing this Sugrīva again embraced him and in company of the monkeys set out to where Rāma was.

राम कपिन्ह जब आवत देखा। किये काजु मन हरष बिसेखा ॥
फटिकसिला बैठे दोउ भाई। परे सकल कपि चरनन्हि जाई ॥

फटिक-सिला from स्फटिक-शिला=crystal rock.

श्रीरामचन्द्रजी ने जब वानरों को आते देखा तब यह सोचकर कि कार्य हो गया है वे मन में बड़े प्रसन्न हुए। दोनों भाई स्फटिक शिला पर बैठे हुए थे कि सब वानरों ने आकर उनके चरण छुए।

When Rāma saw the monkeys arrive, he was greatly delighted to presume that the work was done. The two brothers were sitting on a crystal rock and all the monkeys went and fell at their feet.

दो०—प्रीति सहित सब भेंटे, रघुपति करुनापुंज ।
पूँछी कुसल नाथ अब, कुसल देखि पदकंज ॥३०॥

भेंटे=met, greeted, embraced. करुनापुंज=full of tenderness or compassion. पद-कंज=lotus-like feet.

दयानिधान श्रीरामचन्द्रजी प्रेम सहित सब से मिले और कुशल पूछी। वानरों ने कहा—हे नाथ, आपके चरण-कमल देखकर ही सब कुशल है।

Rāma, the embodiment of tenderness, met them all with great affection and asked of their welfare. "We are quite well, my Lord, now that we have seen your lotus-like feet."

जामवंत कह सुनु रघुराया । जापर नाथ करहु तुम्ह दाया ॥
ताहि सदा सुभ कुसल निरंतर । सुर नर मुनि प्रसन्न ता ऊपर ॥

जापर = on whom. दाया from दया = favour, kindness. सुभ = blessing. निरंतर = for ever, without fail. प्रसन्न = kind, pleased, gracious.

जांबवान् कहने लगे—हे रघुनाथजी, सुनिये । जिस पर, हे नाथ, आप दया करते हैं उसका सदा कल्याण है और निरंतर कुशल है । देवता, मनुष्य और मुनि, सब उस पर प्रसन्न रहते हैं ।

Jāmbavān said, "Listen, Rāma, anyone, my Lord, on whom you are kind, is always blessed and is prosperous for ever; gods, men and sages are all pleased with him.

सोइ बिजई बिनई गुनसागर । तासु सुजसु त्रयलोक उजागर ॥
प्रभु की कृपा भयेउ सबु काजू । जनम हमार सुफल भा आजू ॥

बिजई = victorious. बिनई = modest, humble. गुनसागर = ocean of virtues or merits. उजागर = shining, shedding lustre. सुफल = well-rewarded, worth living, successful.

वही विजयी है, वही विनयी है, वही गुणों का समुद्र है और उसीका सुयश तीनों लोकों में प्रकाशित होता है । हे स्वामी, आपकी कृपा से सब कार्य पूरा हो गया और हमारा जन्म आज सफल हुआ ।

"He alone is victorious, modest and an ocean of virtues and his glory sheds lustre on the three worlds. By my Lord's grace the task has been fully accomplished, and to-day we have found the reward of our life.

नाथ पवनसुत कीन्हि जो करनी। सहसहुँ मुख न जाइ सो बरनी॥
पवनतनय के चरित सुहाये। जामवंत रघुपतिहिं सुनाये॥

सहसहुँ from सहस्र = thousand. बरनी = described. चरित = exploits. सुहाये = delightful, interesting.

हे नाथ, पवनपुत्र हनुमान्‌जी ने जो करके दिखाया है, उसका हज़ार मुखों से भी वर्णन नहीं हो सकता। फिर जांबवान् ने हनुमान्‌जी के सुहावने चरित्र श्रीरामचन्द्रजी को कह सुनाए।

"My Lord, what Hanumān has achieved is too much even for a thousand tongues to describe." Then Jāmbavān began to relate to Rāma the interesting exploits of Hanumān.

सुनत कृपानिधि मन अति भाये। पुनि हनुमान हरषि हिय लाये॥
कहहुं तात केहि भाँति जानकी। रहति करति रच्छा स्वप्रान की॥

हिय लाये = clasped to his bosom. रच्छा from रक्षा = preservation, sustenance.

सुनकर दयानिधान श्रीरामचन्द्रजी के मन को वे सब चरित्र अत्यन्त प्रिय लगे। फिर उन्होंने प्रसन्न होकर हनुमान्‌जी को अपने हृदय से लगा लिया और कहा कि हे तात! यह कहो, सीताजी किस प्रकार रहती हैं और किस प्रकार अपने प्राणों की रक्षा करती हैं?

The heart of the All-merciful was charmed as he listened to him and he again clasped Hanumān to his bosom out of joy. "Tell me, my son, how Jānakī is and how she lives and sustains her life."

दो०—नाम पाहरू दिवस निसि, ध्यान तुम्हार कपाट।
लोचन निज पद जंत्रित, जाहिं प्रान केहि बाट॥३१॥

पाहरू = sentinel. ध्यान = contemplation, memory. कपाट = prison-gate. जंत्रित = fettered. बाट = way.

हनुमान्‌जी ने कहा—हे स्वामी, उनके प्राण किस रास्ते से निकलें ? दिनरात उनके लिये आपका नाम (जिसे रटती रहती हैं) पहरेदार है, आपका ध्यान (जिसे लगाए रहती हैं) किवाड़ हैं और अपने चरणों की ओर लगे हुए उनके जो नेत्र हैं, वही मानो ताला लगा हुआ है।

"Your name is a sentinel by day and night and your memory the prison-gate, her eyes are the fetters for her feet; which way can her life flit away ?

चलत मोहि चूड़ामनि दीन्ही। रघुपति हृदय लाइ सोइ लीन्ही॥
नाथ जुगल लोचन भरि बारी। वचन कहे कछु जनककुमारी॥

चलते समय उन्होंने मुझे यह चूड़ामणि दी थी। श्रीरामचन्द्रजी ने लेकर उसे अपने हृदय से लगा लिया। फिर हनुमान्‌जी कहने लगे—हे नाथ, दोनों नेत्रों में जल भर कर जानकी जी ने कुछ संदेश भी कहा है।

"While I was leaving, she gave me this crest-jewel." Rāma took it and clasped it to his heart. "O Lord, with tearful eyes Sītā sent you these few words, viz.—

अनुज समेत गहेहु प्रभुचरना। दीनबंधु प्रनतारतिहरना॥
मन क्रम बचन चरन अनुरागी। केहि अपराध नाथ हौं त्यागी॥

प्रनतारतिहरना=reliever of suppliant's distress. अपराध=fault, offence. त्यागी=abandoned, deserted.

सीताजी ने कहा है—लक्ष्मणजी के और प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के चरण पकड़ना और प्रार्थना करना कि हे दीनबंधु ! हे भक्तजनों के दुःखों को दूर करने वाले ! मैं मन, वाणी और कर्म से आपके चरणों की अनुरागिणी हूँ—फिर हे नाथ, आपने किस अपराध के कारण मुझे त्याग दिया ?

"Touch the feet of my Lord and his brother, praying, 'O friend of the poor and reliever of suppliant's distress, in thought, deed and word I am devoted to your feet ; for what fault, my lord, have you abandoned me ?'

अवगुन एक मोर मैं माना। बिछुरत प्रान न कीन्ह पयाना ॥
नाथ सो नयनन्हि कर अपराधा। निसरत प्रान करहिं हठि बाधा ॥

अवगुन = fault. माना = admit. बिछुरत = as soon as separated. पयाना from प्रयाण = departure, going. निसरत = taking flight. बाधा = obstacle, hindrance.

अपना एक दोष तो मानती हूँ कि आप से वियोग होते ही मेरे प्राण नहीं निकले। किन्तु हे नाथ ! यह नेत्रों का अपराध है, जो निकलते हुए प्राणों को हठपूर्वक रोक लेते हैं अर्थात् आपके दर्शनों की लालसा शेष है इसी लिये जीती हूँ।

"One fault I do admit myself, in that my life did not end as soon as I separated from you. But this, my lord, is the fault of my eyes, which prevent my life from taking flight.

बिरह अगिनि तनु तूल समीरा। स्वास जरै छन माँह सरीरा ॥
नयन स्रवहिं जल निज हित लागी। जरै न पाव देह बिरहागी ॥

तूल = cotton. समीरा = wind. स्वास = sighs. निज-हित = self-commiseration. बिरहागी = in the fire of separation.

आपका वियोग अग्नि के समान है और मेरा शरीर रुई के समान है तथा मेरे श्वास पवन के समान हैं। इनसे वैसे तो मेरा शरीर एक क्षण में जल जाए परन्तु नेत्र अपने लाभ (दर्शन) के लिये जल बरसाते रहते हैं, जिससे शरीर विरहाग्नि में जलने नहीं पाता (ध्वनि यह है कि मैं हर समय आपके दर्शनों के लिये रोया करती हूँ, आप शीघ्र ही मेरा उद्धार कीजिये)।

"In the fire of separation, fanned by the wind of my sighs, my body is like cotton and would be consumed in a moment, but my eyes pour down such a shower in self-commiseration that it cannot catch fire.

सीता कै अति बिपति बिसाला। बिनहिं कहे भलि दीनदयाला ॥

भलि = better.

हे दीनदयालु ! सीताजी की विपत्ति इतनी भयंकर है कि उसे न कहना ही अच्छा है।

"So great is the distress of Sītā that it is better not to describe it, O friend of the poor!"

दो०—निमिष निमिष करुनानिधि, जाहिं कलप सम बीति।
बेगि चलिअ प्रभु आनिअ, भुजबल खलदल जीति ॥३२॥

निमिष = wink of the eye. आनिअ = bring, rescue. खलदल = miscreant crew, wicked host. जीति = having vanquished.

हे दयानिधान, आँख की एक एक झपक सीताजी को कल्प के समान बीतती है। इसलिये हे स्वामी, शीघ्र चलिये और अपनी भुजाओं के बल से दुष्टों के समूह को जीतकर उन्हें ले आइये।

"O Fountain of Mercy, each wink of the eye drags on like an age with her. Go at once, my Lord, and having vanquished the wicked host with the might of your arms rescue her."

सुनि सीतादुख प्रभु सुख अयना। भरि आये जल राजिव नयना ॥
बचन काय मन मम गति जाही। सपनेहुँ बूझिअ बिपति कि ताही ॥

अयना = abode. राजिव = lotus. काय = body; here, deed. मम गति जाही = to whom I am the resort. बूझिअ = ask, question; here, overtake, overcome.

सीताजी का दुख सुनकर सुख के धाम प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के कमल समान नेत्रों में जल भर आया और वे कहने लगे—मन, वाणी और शरीर (कर्म) से जिसको मेरा ही आश्रय है, उस पर क्या स्वप्न में भी विपत्ति आ सकती है ?

On hearing Sītā's distress, the lotus-eyes of the Lord, the abode of happiness, were filled with tears. "How can misery overtake him even in a dream, whose resort I am in thought, word and deed ?"

कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई॥
केतिक बात प्रभु जातुधान की। रिपुहिं जीति आनिबी जानकी॥

सुमिरन = remembrance. भजन = meditation, devotion, worship. केतिक बात = of what account ?

हनुमान्‌जी ने कहा कि हे प्रभु, विपत्ति वही तो है कि जब आपका स्मरण और भजन न हो सकें। हे स्वामी, राक्षसों की बात ही कितनी है ? शत्रु को जीतकर जानकीजी को ले आइये।

Hanumān said, "There is no misfortune, my lord, except to forget you and your devotion. Of what account are the demons. my Lord ? Vanquish the foes and bring back Sītā."

सुनु कपि तोहि समान उपकारी। नहिं कोउ सुर नर मुनि तनुधारी॥
प्रतिउपकार करौं का तोरा। सनमुख होइ न सकत मन मोरा॥

तनुधारी = ever born. प्रतिउपकार = good turn. सनमुख होइ न सकत = cannot face, blushes.

श्रीरामचन्द्रजी कहने लगे कि हे हनुमान्! सुनो, तुम्हारे समान मेरा उपकार करने वाला देवता, मनुष्य, अथवा मुनि कोई भी शरीरधारी नहीं है। मैं तुम्हारा प्रत्युपकार क्या करूँ, मेरा मन (लज्जा के मारे) तुम्हारे संमुख नहीं हो सकता।

"Listen, O monkey, neither god, nor man, nor saint that was ever born, has been such a benefactor to me as you are. What good turn can I do to you ? I blush in my mind to think of it.

सुनु सुत तोहि उरिन मैं नाहीं। देखेउँ करि बिचार मन माहीं॥
पुनि पुनि कपिहिं चितव सुरत्राता। लोचन नीर पुलक अति गाता॥

उरिन from उऋण = free from debt or obligation. चितव = gazed upon, looked at. सुरत्राता = the deliverer or saviour of gods. पुलक = thrill, horripilation.

हे पुत्र ! सुनो, मैंने मन में विचारकर देख लिया है कि म तुमसे उऋण नहीं हो सकता। देवताओं के रक्षक श्रीरामचन्द्रजी हनुमान्‌जी की ओर बारंबार देख रहे थे, उनके नेत्रों में जल छलछला रहा था और शरीर अत्यन्त पुलकित हो रहा था।

"Listen, my son, I can never be free from my obligation to you. I have well thought it over in my mind." Again and again as the deliverer of gods gazed upon the monkey, his eyes filled with tears and his frame thrilled with emotion.

दो०—सुनि प्रभुबचन बिलोकि मुख, गात हरषि हनुमंत।
चरन परेउ प्रेमाकुल, त्राहि त्राहि भगवंत॥३२॥

गात हरषि = thrilled with joy, enraptured, could not contain himself for joy. प्रेमाकुल = overwhelmed with love, in a fit of love, in an ecstacy of love. त्राहि = save me.

प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के वचन सुनकर और उनके मुख के दर्शन करके हनुमान्‌जी पुलकित शरीर और प्रेम में मग्न होकर उनके चरणों में गिर गए और पुकार उठे, "हे भगवन्, मेरी रक्षा कीजिये"।

On hearing the words of the Lord and looking upon his face, Hanumān could not contain himself for joy and in a fit of love he fell at his feet, crying, "Save me, O Lord, save me."

बार बार प्रभु चहहिं उठावा। प्रेम मगन तेहि उठबु न भावा ॥
प्रभु कर पंकज कपि कै सीसा। सुमिरि सो दसा मगन गौरीसा ॥

न भावा = did not like. कर-पंकज = lotus-hand. सीसा from शीर्ष = head. सुमुरि = recalling to mind. दसा = condition, spectacle. मगन = overcome with emotion. गौरीसा = Śiva.

प्रभु श्रीरामचन्द्रजी बार बार उठाना चाहते थे परंतु हनुमान्‌जी प्रेम में मग्न थे कि उन्हें उठना रुचता न था। प्रभु का करकमल हनुमान्‌जी के सिर पर रक्खा हुआ था, उस दशा को स्मरण करके (रामकथा कहते हुए) गौरीपति शंकर मग्न हो गए।

Again and again the Lord wanted to raise him up, but he was so absorbed in devotion that he would not rise. Recalling to mind that spectacle of the Lord placing his lotus-hand on the monkey's head, Śiva himself was overcome with emotion;

सावधान मन करि पुनि संकर। लागे कहन कथा अति सुंदर ॥
कपि उठाइ प्रभु हृदय लगावा। कर गहि परम निकट बैठावा ॥

सावधान मन करि = restraining his feeling, collecting his mind or thoughts. सुंदर = charming. परम निकट = very near, close by his side.

मन को सावधान करके शंकरजी वही अत्यन्त सुंदर रामकथा फिर कहने लगे। प्रभु श्रीरामचन्द्रजी ने हनुमान्‌जी को उठाकर अपने हृदय से लगाया और हाथ पकड़कर अपने बिलकुल पास बैठा लिया।

But collecting his mind again, he went on with the charming story. Raising the monkey, the Lord embraced him to his heart and taking him by the hand made him sit close by his side.

कहु कपि रावन पालित लंका। केहि बिधि दहेहु दुर्ग अति बंका॥
प्रभु प्रसन्न जाना हनुमाना। बोला बचन बिगत अभिमाना॥

पालित = protected. दुर्ग = fortress, stronghold. बंका = magnificent, splendid. बिगत अभिमाना = free from vanity, full of modesty or humility.

श्रीरामचन्द्रजी पूछने लगे—हे हनुमान्, यह बतलाओ कि तुमने रावण से रक्षित लंका के अति विशाल दुर्ग को किस प्रकार जलाया? प्रभु को प्रसन्न जानकर हनुमान्‌जी अभिमानशून्य वचन बोले—

"Tell me, O monkey, how were you able to burn down that most splendid fortress of Laṅkā, protected by Rāvaṇa ?" Seeing the Lord so gracious, Hanumān replied in words void of vanity.

साखामृग कै बड़ि मनुसाई। साखा तें साखा पर जाई॥
नाँघि सिंधु हाटकपुर जारा। निसिचर गन बधि बिपिन उजारा॥
सो सब तव प्रताप रघुराई। नाथ न कछु मोरि प्रभुताई॥

साखामृग = monkey. बड़ि = singular, great. मनुसाई = prowess. नाँघि = crossing, going across. हाटकपुर = golden city. बधि = killing. बिपिन = grove, garden.

बंदर की वीरता के क्या कहने कि वह एक डाल से दूसरी डाल पर उछल जाता है! मैंने जो समुद्र लाँघकर स्वर्णपुरी लंका को जलाया और राक्षसों को मारकर वन को उजाड़ दिया, हे श्रीरामचन्द्रजी, यह सब आप ही का प्रताप है। हे नाथ, इसमें मेरी चतुराई कुछ भी नहीं है।

"Singular, indeed, is the prowess of a monkey that he climbs from bough to bough! Crossing the ocean I burnt down the golden city and killing the demon host I devastated the grove—it was all done through your power, Rāma. It was no strength of mine, my Lord,

दो०—ताकहुँ प्रभु कछु अगम नहिं, जापर तुम्ह अनुकूल ।
तव प्रभाव बड़वानलहिं, जारि सकै खलु तूल ॥३४॥

अगम = difficult to do. अनुकूल = kind, gracious, propitious. बड़वानलहिं = the submarine fire. It is represented in mythology as a being with a body of flame, but the head of a mare (बडवा) which sprang from the thigh of the patriarch Aurva and fell into the ocean.

हे स्वामी, जिसपर आप दयालु हों, उसके लिये कुछ भी दुःसाध्य नहीं है। आपके प्रताप से साधारण रुई भी बड़वानल को जला सकती है।

"Nothing, O Lord, is difficult for him to do, on whom you are gracious. By your might even cotton would burn up the submarine fire.

नाथ भगति अति सुखदायिनी। देहु कृपा करि अनपायिनी ॥
सुनि प्रभु परम सरल कपिबानी। एवमस्तु तब कहेउ भवानी ॥

अनपायिनी = imperishable, firm, constant, unshaking. सरल = simple. एवमस्तु = be it so.

हे नाथ, आप कृपा करके अत्यन्त सुख देने वाली अपनी अचल भक्ति मुझे दीजिये। शिवजी कहते हैं कि हे भवानी, हनुमान्जी की अत्यन्त सरल वाणी सुनकर प्रभु श्रीरामचन्द्रजी ने कहा "ऐसे ही हो"।

"By your grace, O Lord, grant me unshaking faith which is a source of great happiness." On hearing the monkey's simple request, the Lord, O Pārvatī, responded, "So be it."

उमा राम सुभाव जेहि जाना। ताहि भजनु तजि भाव न आना ॥
यह संवाद जासु उर आवा। रघुपति चरन भगति सोइ पावा ॥

सुभाव from स्वभाव = nature. भाव = feeling. संबाद = dialogue, conversation. उर = heart.

हे पार्वती, श्रीरामचन्द्रजी का स्वभाव जिसने जान लिया, उसे उनका भजन छोड़कर और कुछ अच्छा नहीं लगता। यह प्रसंग जिसके हृदय में आएगा वही श्रीरामचन्द्रजी के चरणों की भक्ति पाएगा।

He who understands the true nature of Rāma, O Pārvatī, is swayed by no other feeling than of his worship; and he who takes this dialogue (between Rāma and Hanumān) to his heart, attains to the faith on Rāma's feet.

सुनि प्रभु वचन कहहिं कपिबृंदा। जय जय जय कृपालु सुखकंदा॥
तब रघुपति कपिपतिहिं बोलावा। कहा चलैं कर करहु बनावा॥

कपिबृंदा = the monkey host. सुखकंदा = source of happiness. चलैं कर = of march. बनावा = preparation.

प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के वचन सुनकर बानरों के झुंड कहने लगे—हे कृपालु, हे सुखमूल, आपकी जय हो, जय हो, जय हो! तब श्रीरामचन्द्रजी ने कपिराज सुग्रीव को बुलाया और कहा कि चलने की तैयारी करो।

On hearing the words of the Lord the monkey host shouted, "Victory, victory, victory to the All-merciful, the source of bliss." Rāma then called the monkey king and asked him to make preparations for the march.

अब बिलंबु केहि कारन कीजै। तुरत कपिन्ह कहुँ आयसु दीजै॥
कौतुक देखि सुमन बहु बरषी। नभ तें भवन चले सुर हरषी॥

बिलंबु = delay. तुरत = at once. आयसु = order. सुमन = flowers. नभ = sky. भवन = home, celestial spheres.

अब देरी किस कारण करते हो? शीघ्र ही वानरों को आज्ञा दो। यह सब कौतुक देखकर आकाश से बहुत से फूल बरसाकर देवता प्रसन्न होकर अपने अपने घरों को चल दिये।

"What need now for any delay ? At once issue orders to the monkeys." Seeing this sight the gods showered many flowers and returned to their homes from the sky in glee.

दो०—कपिपति बेगि बोलाये, आये जूथप जूथ ।
नाना बरन अतुल बल, बानर भालु बरूथ ॥३५॥

जूथप = commanders, generals, captains. जूथ = hosts. अतुल = unequalled. भालु = bears. बरूथ = multitude.

कपिराज सुग्रीव ने शीघ्र ही सब को बुलाया। सब सेनापति अपनी अपनी सेना सहित आगए। वे बंदर और रीछों के झुंड अनेक रंग के और अत्यन्त बलशाली थे।

Sugrīva issued orders at once and hosts of generals came in, differing in colour, but unequalled in strength, a vast multitude of monkeys and bears.

प्रभु पदपंकज नावहिं सीसा। गर्जहिं भालु महाबल कीसा ॥
देखी राम सकल कपि सैना। चितइ कृपा करि राजिवनैना ॥

चितइ = cast a glance. राजिवनैना = lotus-eyes.

वे सब महाबलवान् रीछ और बंदर आकर प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के चरण-कमलों में शिर नवाने और गर्जना करने लगे। श्रीरामचन्द्रजी ने बंदरों की सारी सेना देख ली। फिर वे कमलनेत्रोंसे कृपापूर्वक उनकी ओर निहारने लगे।

The bears and the mighty monkeys roared and bowed their heads at the Lord's lotus-feet. Rāma saw the whole army of the monkeys and in tenderness cast upon them a glance of his lotus-eyes.

राम कृपा बल पाइ कपिंदा। भये पच्छजुत मनहुँ गिरिंदा ॥
हरषि राम तब कीन्ह पयाना। सगुन भये सुंदर सुभ नाना ॥

कपिन्दा from कपीन्द्र = monkey chiefs. पच्छजुत from पक्षयुत = furnished with wings, recovering wings. गिरिंदा from गिरीन्द्र =

the king of mountains, the mount Sumeru. पयाना = march. सगुन from शकुन = omens. सुभ = auspicious. Here the allusion is to the legend which represents all the mountains as once having had wings, till they were clipped by Indra.

श्रीरामचन्द्रजी की कृपा का बल पाकर वे सब श्रेष्ठ बंदर ऐसे हो गए मानो सुमेरु पर्वत को पंख लग गए हों। तब श्रीरामचन्द्रजी ने प्रसन्न होकर प्रस्थान किया। उस समय तरह तरह के सुंदर और शुभ शकुन होने लगे।

By the favour of Rāma the monkey chiefs gained as much strength as would Sumeru at the recovery of its wings. Then Rāma commenced his march in exultation and many were the happy and auspicious omens that befell him.

जासु सकल मंगलमय कीती। तासु पयान सगुन यह नीती ॥
प्रभु पयान जाना वैदेही। फरकि बाम अँग जनु कहि देहीं ॥

कीती from कीर्त्ति = glory, fame. नीती from नीति = fitness of things, justice.

जिनकी कीर्त्ति सभी मंगलों से पूर्ण है (अर्थात् जिनकी कीर्त्ति का गान करने से सब मंगल होते हैं) उनके प्रस्थान के समय शकुन होना उचित ही है प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के प्रस्थान करने की बात सीताजी ने जान ली, मानों उनके वाम अंगों ने फरककर कह दिया हो (स्त्रियों का बायाँ अंग फरकना शुभ-सूचक है)।

It was only befitting that his march be marked by good omens, since in him abides all auspicious glory. Sītā came to know of his march, for her left limbs throbbed as if to tell her.

जोइ जोइ सगुन जानकिहिं होई। असगुन भयउ रावनहिं सोई ॥
चला कटकु को बरनै पारा। गर्जहिं बानर भालु अपारा ॥

असगुन = ill omen. बरनै पारा = capable of describing it. अपारा = countless.

जानकीजी को जो शकुन हो रहे थे, रावण के लिये वही अशकुन हुए। सेना चल दी, उसका वर्णन कौन कर सकता है ? असंख्य रीछ और बंदर गर्जना कर रहे थे।

Every good omen that befell Sītā was converted into an ill omen for Rāvaṇa. The army marched. Who can adequately describe it ? Countless monkeys and bears roared.

नख आयुध गिरिपादपधारी । चले गगन महि इच्छाचारी ॥
केहरिनाद भालु कपि करहीं। डगमगाहिं दिग्गज चिक्करहीं ॥

नख = nails, talons. आयुध = weapons. धारी = carrying, brandishing. इच्छाचारी = moving at will. केहरिनाद = roar of a lion. डगमगाहिं = shook, staggered. दिग्गज = elephants of the quarters. चिक्करहीं = pealed, thundered.

नख रूपी शस्त्र और पर्वत एवं वृक्षों को लिये हुए वे बंदर अपनी इच्छानुसार पृथ्वी और आकाश में चलने लगे। रीछ और बंदर सिंह के समान गर्जना करते थे जिससे दिग्गज (दिशाओं के हाथी) डगमगाने और चिंघाड़ने लगे।

With their talons for weapons they marched at will, now through heaven and now on earth, carrying rocks and trees. The bears and monkeys roared like lions so that the elephants of the quarters staggered and thundered.

छं०—चिक्करहिं दिग्गज डोल महि गिरि लोल सागर खरभरे ।
मन हरष दिनकर सोम सुर मुनि नाग किन्नर दुख टरे ॥
कटकटहिं मर्कट बिकट भट बहु कोटि कोटिन्ह धावहीं ।
जय राम प्रबल प्रताप कोसलनाथ गुन गन गावहीं ॥

डोल = reeled, quaked. लोल = tottered, shook. खरभरे = were agitated, boiled, raged. टरे = ended, were over. कटकटहिं = chattered, ground their teeth, snarled. भट = fighting warriors. कोटि कोटिन्ह = myriads upon myriads. धावहीं = rushed on.

वानर सेना के चलते ही दिग्गज चिंघाड़ने लगे, पृथिवी हिलने लगी, पहाड़ काँपने लगे, समुद्र में खलबली मच गई; सूर्य, चन्द्रमा, देवता, मुनि, नाग, किंन्नर सब के मन प्रसन्न होगए कि दुख दूर हुए। कई कई करोड़ विकट योद्धा बंदर कटकटाते और दौड़ते थे तथा कोसलदेश के स्वामी श्रीरामचन्द्रजी की जय-जयकार करते हुए उनके प्रबल प्रताप और गुणों के समूह का गान करते थे।

The elephants of the quarters thundered, the earth quaked, the mountains tottered, the oceans boiled; the sun, the moon, gods, saints, serpents and Kinnaras, all rejoiced to know that their troubles were over. Myriads of gigantic monkey-warriors chattered and rushed onwards, singing glory to Rāma, of enormous might, the Lord of Kosala, and hymning his manifold virtues.

सहि सक न भार उदार अहिपति बार बारहिं मोहई।
गह दसन पुनि पुनि कमठपृष्ठ कठोर सो किमि सोहई॥
रघुबीर रुचिर पयान प्रस्थिति जानि परम सुहावनी।
जनु कमठ खर्पर सर्पराज सो लिखित अबिचल पावनी॥

उदार = huge, gigantic. अहिपति = the king of serpents, the Śesha-nága. मोहई = fainted, succumbed, collapsed. गह दसन = clutching in his jaws, digging his teeth into. कमठ-पृष्ठ = the back of the tortoise, the shell of the tortoise. कठोर = hard. सोहई = appeared. रुचिर = glorious. पयान = expedition. प्रस्थिति = theme. खर्पर = shell. अबिचल = indelibly. The earth is supposed to be supported on the head of Śesha-nāga who in his turn is resting on the Tortoise.

उदार सर्पाधिपति शेषनाग उस बोझ को न सह सकने से बार बार मूर्छित हो जाते थे और बार बार (अपने आधार) कछुए की कठोर पीठ को दांतों में दबा लेते थे। (परन्तु दाँत कठोर पीठ में नहीं धँसते केवल उनसे चिह्न

होते जाते थे) इस अवस्था में शेषनाग ऐसे शोभित हो रहे थे मानों श्रीरामचन्द्र-जी की सुंदर यात्रा के ब्योरे को अत्यन्त मनोहर जानकर वे उसे कछुए की दृढ़ और पवित्र पीठ पर अमिट और पवित्र रूप में लिख रहे हों।

The huge serpent-king (Śesha) could not bear that burden and collapsed again and again. Each time he dug his teeth into the back of the Tortoise, it appeared as if, knowing the theme of Rāma's glorious expedition to be charming and pure, the Śesha was trying to inscribe it indelibly on the shell of the Tortoise.

दो०—एहि बिधि जाइ कृपानिधि, उतरे सागरतीर।
जहँ तहँ लागे खान फल, भालु बिपुल कपि बीर ॥३५॥

उतरे = lit. descended; camped. सागरतीर = sea-shore. बिपुल = countless, many.

इस प्रकार कृपानिधान श्रीरामचन्द्रजी ने समुद्र के किनारे जाकर डेरा डाला और असंख्य शूरवीर रीछ और बंदर जहाँ तहाँ फल खाने लगे।

In this manner the All-merciful marched on and camped on the sea-shore, where the countless fighting bears and monkeys began to eat all the fruit they found.

उहाँ निसाचर रहहिं ससंका। जब तें जारि गयेउ कपि लंका॥
निज निज गृह सब करहिं बिचारा। नहिं निसिचर कुल केर उबारा॥

उहाँ = there. ससंका = full of fear. उबारा = welfare, safety.

जबसे हनुमान्‌जी लंका जला गए, तबसे वहाँ—लंका में—राक्षस भयभीत रहने लगे। अपने अपने घर में सब विचार करने लगे कि राक्षस-कुल का अब बचाव नहीं है।

There (in Laṅkā) the demons had been living in great fear ever since the monkey had gone after burning Laṅkā. Every one thought to himself in his home, "There is no hope of safety for the demon race.

जासु दूत बल बरनि न जाई । तेहि आये पुर कवनि भलाई ॥
दूतिन्ह सन सुनि पुरजन बानी । मंदोदरी अधिक अकुलानी ॥

कवनि भलाइ = what hope, what escape ? दूतिन्ह = errand-maids. अधिक = still more. अकुलानी = distressed.

जिसके दूत ही के बल का वर्णन नहीं किया जा सकता, उसके स्वयं आने पर नगर की कौनसी भलाई होगी ? दूतियों से नगरवासियों की यह बातें सुनकर मंदोदरी (रावण की स्त्री) बहुत घबराई ।

"If his messenger possessed such indescribable strength, what hope is there for the city when he comes himself ?" When Mandodarī heard the talk of the citizens from her errand-maids she was all the more distressed.

रहसि जोरि कर पति पग लागी । बोली बचन नीतिरस पागी ॥
कंत करष हरि सन परिहरहू । मोर कहा अति हित हिय धरहू ॥

रहसि = in solitude, when alone. नीति रस = the flavour of sound judgment. पागी = full of. कंत = dear husband. करष = struggle, contest, friction. परिहरहू = give up, cease.

एकांत में, हाथ जोड़कर और पति के चरण छूकर वह नीति-रस से सने हुए वचन कहने लगी—हे स्वामी, भगवान् से विरोध त्याग दीजिये, मेरा कहना अत्यंत हितकारी जान, उसे हृदय में धारण कीजिये ।

अमोघ = unfailing, not without fruit or reward. तिलक = mark on the forehead, indicative of his coronation. सुमन-वृष्टि = rain or shower of flowers. अपारा = infinite, ceaseless.

और कहा—हे मित्र, यद्यपि तुम्हारे हृदय में कोई इच्छा नहीं है तथापि संसार में मेरा दर्शन निष्फल नहीं जाता। ऐसा कहकर श्रीरामचन्द्रजी ने विभीषण को राजतिलक कर दिया। उस समय आकाश से लगातार पुष्प-वृष्टि हुई।

"Although, my friend, you never wished for it, yet my sight never goes without a reward all over the world." So saying Rāma made the royal mark on his forehead and there was a ceaseless shower of flowers from the sky.

दो०—रावन क्रोध अनल निज, स्वास समीर प्रचंड ।
जरत बिभीषनु राखेउ, दीन्हेउ राजु अखंड ॥५१॥

अनल = fire. स्वास = breath. समीर = wind, blast. प्रचंड = strong. अखंड = unbroken, complete, uninterrupted, undisputed.

रावण की क्रोधरूपी अग्नि और (दुःख से निकली हुई विभीषण की) अपनी साँस (आह) रूपी प्रबल वायु से जो विभीषण जल रहा था उसे श्रीरामचन्द्रजी ने बचा लिया और अखंड राज्य दे दिया ।

Thus did Rāma save Vibhīshaṇa from being consumed in the fire of Rāvaṇa's anger and the strong blast of his own heaving sighs, and gave him undisputed sovoreignty.

जो संपति सिव रावनहिं, दीन्हि दिये दस माथ ।
सोइ संपदा बिभीषनहिं, सकुचि दीन्हि रघुनाथ॥५२॥

संपति = fortune. सकुचि = hesitatingly, modestly, coyly, unpretentiously, unassumingly.

जो संपत्ति शिवजी ने रावणको दश सिर (काटकर) चढ़ाने पर दी थी, वही संपत्ति विभीषण को श्रीरामचन्द्रजी ने संकोचपूर्वक (यह सोचते हुए कि मैंने कुछ भी नहीं दिया) दे दी ।

The very fortune, which formerly Śiva had bestowed upon Rāvaṇa in return for his ten heads, now Rāma gave to Vibhīshaṇa unpretentiously.

अस प्रभु छाँड़ि भजहिं जे आना । ते नर पसु बिनु पूँछ बिषाना ॥
निज जन जानि ताहि अपनावा । प्रभु सुभाव कपिकुल मन भावा ॥

बिषाना = horns. अपनावा = claimed him for his own. सुभाव = good nature, amiability.

ऐसे प्रभु को छोड़कर जो दूसरों का भजन करते हैं, वे मनुष्य बिना सींग और पूँछ के पशु हैं। अपना भक्त जानकर उन्होंने विभीषण को अपना लिया, प्रभु श्रीरामचन्द्रजी का यह स्वभाव वानर-समूह के मन को बहुत अच्छा लगा।

Men who forsake such a Lord to worship any other, are mere beasts without tails and horns. The whole monkey band was pleased with the amiability of the Lord, who had recognised him as his servant and claimed him for his own.

पुनि सर्बग्य सर्ब उर बासी। सर्बरूप सबरहित उदासी ॥
बोले बचन नीति प्रतिपालक। कारनमनुज दनुज कुल घालक ॥

सर्बग्य = omniscient, all-knowing, all-wise. सर्बरूप = omniform, who can assume any form at will. सब-रहित = free from all, formless. उदासी = indifferent, passionless, unconcerned. प्रतिपालक = champion. कारन-मनुज = who takes a human form for some cause. दनुज = demon. घालक = destroyer.

फिर श्रीरामचन्द्रजी—जो सर्वज्ञ, सबके हृदय में बसनेवाले, सर्वरूप, सबसे रहित, उदासीन, नीति की रक्षा करने वाले, कारण-वश मनुष्यरूप धारण किये हुए और राक्षसों के कुल का नाश करनेवाले हैं—ये वचन बोले—

Then the omniscient Lord, the omniform yet formless and passionless, the champion of righteousness, who takes a human form for some cause and is the destroyer of the demon race, spoke thus :

सुनु कपीस लंकापति बीरा। केहि बिधि तरिअ जलधि गंभीरा ॥
संकुल मकर उरग झष जाती। अति अगाध दुस्तर सब भाँती ॥

कपीस = Sugrīva. लंकापति = monarch of Laṅkā, Vibhīshaṇa. बीरा = valiant, brave. जलधि = ocean, sea. गंभीरा = deep. संकुल = *full of.* मकर = sharks, allegators. उरग = serpents. झष जाती = *all kinds of* sea-monsters, various kinds of fishes. अगाध = unfathomable. दुस्तर = impassable. सब भाँती = absolutely.

हे कपिराज सुग्रीव, हे लंकेश वीर विभीषण, सुनो ! इस गंभीर समुद्र को किस तरह पार करें जो मगरमच्छ, साँप और मछली आदि अनेक जीव-जन्तुओं से भरा हुआ अत्यंत गहरा और सब प्रकार से दुस्तर है ?

"Listen, Sugrīva and Vibhīshaṇa, how are we to cross the deep sea, full of sharks, serpents and all sorts of fishes, which is absolutely unfathomable and impassable ?"

कह लंकेस सुनहु रघुनायक । कोटि सिंधु सोषक तव सायक ॥
जद्यपि तदपि नीति असि गाई । बिनय करिअ सागर सन जाई ॥

लंकेस = Vibhīshaṇa. सोषक = that which dries up. सायक = arrow. गाई = declared. बिनय = request, petition. सागर = god of ocean.

लंकापति विभीषण ने कहा—हे श्रीरामचन्द्रजी, सुनिये, यद्यपि आपका बाण करोड़ों समुद्रों को सुखा सकता है, तथापि नीति यही है कि जाकर समुद्र से विनय करें ।

Vibhīshaṇa said, "Listen, Rāma, your arrow can dry up a million oceans, but the right course would be to go and make a petition to the god of ocean.

दो०—प्रभु तुम्हार कुलगुर जलधि, कहिहि उपाय बिचारि ।
बिनु प्रयास सागर तरिहि, सकल भालु कपि धारि ॥५३॥

कुल-गुर = ancestor. King Sagara, whose 60,000 sons dug up the bed of ocean, was one of Rāma's ancestors. Thenceforward the ocean was called Sāgara. उपाय = plan, scheme, means. प्रयास = difficulty, ado, trouble, toil. धारि = concourse.

हे प्रभु, समुद्र आपका कुलगुरु है (वंश का पूर्वज है क्योंकि सगर राजा के पुत्रों के खोदने से सागर बना था)। वह विचार कर कोई ऐसा उपाय बतलाएगा जिससे बिना परिश्रम के ही रीछ और वानरों का समस्त समूह समुद्र के पार उतर जाएगा ।

"My Lord, ocean is one of your ancestors He might think out some plan and tell you, so that the whole concourse of monkeys and bears may cross the ocean without trouble."

सखा कही तुम्ह नीकि उपाई । करिअ दैव जौं होइ सहाई ॥
मंत्र न यह लछिमन मन भावा । राम बचन सुनि अति दुख पावा ॥

नीकि = good, excellent. उपाई = proposal, suggestion. दैव = fortune, luck. सहाई = helper. मंत्र = counsel, plan. अति दुख पावा = was very much annoyed or upset.

श्रीरामचन्द्रजी ने कहा—हे मित्र, तुमने अच्छा उपाय बतलाया है, ऐसे ही करेंगे । संभव है दैव सहायक हो जाए । यह परामर्श लक्ष्मणजी के मन को अच्छा नहीं लगा । श्रीरामचन्द्रजी के वचन सुनकर उन्हें अत्यंत दुःख हुआ ।

"You have given a good suggestion. Let us try it and may luck favour us." But Lakshmaṇa did not like this plan at all and was very much annoyed to hear Rāma's words.

नाथ दैव कर कवन भरोसा । सोखिअ सिंधु करिअ मन रोसा ॥
कादर मन कहुँ एक अधारा । दैव दैव आलसी पुकारा ॥

भरोसा = trust. रोसा = indignation, anger, temper. कादर = coward. अधारा from आधार = resource, support, prop. आलसी = indolent.

लक्ष्मणजी कहने लगे—हे नाथ, दैव का क्या भरोसा ? मन में क्रोध कीजिये और समुद्र को सुखा डालिये । कायर के मन का दैव ही एक आधार है और आलसी लोग ही दैव दैव चिल्लाया करते हैं ।

"Why trust luck, my Lord, work up your temper and dry up the ocean. It is the sole prop of a coward's mind. The indolent alone cry heavens for help."

सुनत बिहँसि बोले रघुबीरा । ऐसइ करब धरहु मन धीरा ॥
अस कहि प्रभु अनुजहिं समुझाई । सिंधु समीप गये रघुराई ॥

धरहु मन धीरा = have patience of mind. समुझाई = pacifying.

यह सुनकर श्रीरामचन्द्रजी ने मुस्कराकर कहा—मन में धीरज रखो, ऐसे ही करूँगा। यह कहकर छोटे भाई लक्ष्मण को समझाकर प्रभु श्रीरामचन्द्रजी समुद्र के पास गए।

Hearing this, Rāma laughed and said, "I shall do as you say, but have patience." So saying he pacified his brother and went to the sea-shore.

प्रथम प्रनामु कीन्ह सिरु नाई । बैठे पुनि तट दर्भ डसाई ॥
जबहिं बिभीषनु प्रभु पहिं आये । पाछे रावन दूत पठाये ॥

दर्भ = grass. डसाई = spreading, strewing.

पहले सिर नवाकर श्रीरामचन्द्रजी ने प्रणाम किया और फिर किनारे पर कुश बिछाकर बैठ गए। ज्यों ही विभीषण प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के पास आए त्यों ही पीछे से रावण ने अपने भेदिये भेज दिये थे।

First he bowed down his head and made an obeisance and then he spread the grass and took his seat on the shore. As soon as Vibhīshaṇa had gone over to Rāma, Rāvaṇa had sent his spies after him.

दो०—सकल चरित तिन्ह देखे, धरे कपट कपि देह ।
प्रभुगुन हृदय सराहहिं, सरनागत पर नेह ॥५४॥

चरित = events, happenings. कपट = disguised. सराहहिं = admired. नेह from स्नेह = love, tenderness. सरनागत = seeking protection, protégés.

उन्होंने छल से वानरों का शरीर धारण करके सब चरित्र देखे और वे प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के गुणों की सराहना करने लगे कि इनका शरणागत पर कितना प्रेम है!

Disguising themselves as monkeys they saw all what happened there. They admired the virtues of the Lord, and also his love for his protégés.

प्रगट बखानहिं राम सुभाऊ। अति सप्रेम गा बिसरि दुराऊ॥
रिपु के दूत कपिन्ह तब जाने। सकल बाँधि कपीस पहिं आने॥

प्रगट = loudly. बखानहिं = extolled, praised. बिसरि = forgotten. दुराऊ = disguise, concealment.

वे खुले मुँह श्रीरामचन्द्रजी के स्वभाव की बड़ाई करने लगे। अत्यंत प्रेम में मग्न होने के कारण उन्हें अपना छिपाव भूल गया। तब बंदरों ने उन्हें पहचान लिया कि ये शत्रु के भेदिये हैं और उनको बाँधकर वे कपिराज सुग्रीव के पास ले आए।

So loudly did they extol the magnanimity of Rāma that in the frenzy of their admiration they forgot their disguise. It was then that the monkeys discovered them to be the enemy's spies. They chained them all and brought them before their chief.

कह सुग्रीव सुनहु सब बानर। अंगभंग करि पठवहु निसिचर॥
सुनि सुग्रीव बचन कपि धाये। बाँधि कटक चहुँ पास फिराये॥

अंगभंग = mutilation of limbs. कटक = camp, army.

सुग्रीव ने कहा—हे बंदरो! सुनो, इन राक्षसों के अंग तोड़कर इन्हें छोड़ दो। सुग्रीव के वचन सुनकर वानर दौड़े और उन्होंने उन दूतों को बाँधकर छावनी के चारों ओर घुमाया।

Sugrīva said, "Listen all of you, monkeys, mutilate the limbs of the demons and let them off." On hearing Sugrīva's command, the monkeys ran and paraded them in bonds all around the camp.

बहुप्रकार मारन कपि लागे । दीन पुकारत तदपि न त्यागे ॥
जो हमार हर नासा काना । तेहि कोसलाधीस कै आना ॥

दीन पुकारत = cried for mercy. आना = oath.

बंदर उन्हें बहुत तरह से मारने लगे। वे दीनता से चिल्लाने लगे तो भी उन्होंने उन्हें न छोड़ा। (जब बंदर नाक कान काटने पर उतारू हुए तब वे चिल्लाकर बोले)—जो हमारे नाक और कान काटे उसे कोसलाधीश श्रीरामचन्द्र-जी की सौगंद है।

The monkeys then began to molest them in every possible manner and would not let them go for all their prayers for mercy, till they cried, "We adjure him by the Lord of Kosala, who would try to cut our nose and ears."

सुनि लछिमन सब निकट बोलाये। दया लागि हँसि तुरत छोड़ाये ॥
रावन कर दीन्हेहु यह पाती। लछिमन बचन बाँचु कुलघाती ॥

कर = hand. पाती = missive, letter. कुलघाती = destroyer of one's own race.

यह पुकार सुनकर लक्ष्मणजी ने सब को पास बुलाया, उन्हें दया आ गई और हँस कर उन्होंने उन भेदियों को तुरंत छुड़वा दिया और कहा—यह चिट्ठी रावण के हाथ में दे देना और कहना कि हे कुलघाती! लक्ष्मण के इन वचनों को पढ़।

Hearing this, Lakshmaṇa called them all to him, and feeling compassion, he smiled and had them released at once. "Give this missive into the hands of Rāvaṇa and say 'Read, O destroyer of your race, the message of Lakshmaṇa.'

दो०—कहेहु मुखागर मूढ़ सन, मम संदेसु उदार ।
सीता देहु मिलहु न त, आवा कालु तुम्हार ॥५५॥

मुखागर = verbal message, word of mouth, orally. उदार = generous. मिलहु = surrender, submit, seek peace.

और उस मूर्ख रावण से मेरा यह उदार संदेश मुँह से ही कहना कि सीताजी को देकर हम से मिलो, नहीं तो तुम्हारा काल आ गया है।

"Tell the fool also by word of mouth my generous offer—'Restore Sītā and submit yourself, or else it heralds your death."

तुरत नाइ लछिमन पद माथा। चले दूत बरनत गुनगाथा ॥
कहत रामजसु लंका आये। रावन चरन सीस तिन्ह नाये ॥

बरनत = praising, extolling.

लक्ष्मणजी के चरणों में मस्तक नवाकर और उनके गुणों की कथा कहते हुए वे भेदिये तुरंत ही चल दिये। श्रीरामचन्द्रजी का यश वर्णन करते हुए वे लंका में पहुँचे और वहाँ उन्होंने रावण के चरणों में सिर नवाया।

At once bowing their head at the feet of Lakshmaṇa, the spies set out, praising his qualities on their way. Dwelling on Rāma's glory, they reached Laṅkā and fell at the feet of Rāvaṇa.

बिहँसि दसानन पूँछी बाता। कहसि न सुक आपनि कुसलाता ॥
पुनि कहु खबरि बिभीषन केरी। जाहि मृत्यु आई अति नेरी ॥

नेरी = near, nigh.

हँसकर रावण ने समाचार पूछा कि हे शुक, तू अपनी कुशलता क्यों नहीं कहता? फिर विभीषण का वृत्तांत भी कह, जिसकी मृत्यु अत्यंत समीप आ गई है।

Rāvaṇa smiled and asked the news : "Why don't you tell me, Śuka, how it fared with you ? Then also give me news of Vibhīshaṇa to whom death has drawn very nigh.

करत राजु लंका सठ त्यागी। होइहि जव कर कीट अभागी ॥
पुनि कहु भालु कीस कटकाई। कठिन कालप्रेरित चलि आई ॥

जव कर कीट = an insect of barley, corn-weevil. कठिन = ruthless, relentless. प्रेरित = urged on, egged on.

वह दुष्ट लंका को जहाँ वह राज करता था छोड़कर चला गया। अब वह अभागा जौ का कीड़ा (घुन) बनेगा—अर्थात् जैसे अनाज के साथ घुन पिस जाता है उसी तरह बंदर और भालुओं के साथ वह भी मारा जाएगा। फिर रीछ और बंदरों की सेना का हाल बतला, जो निष्ठुर काल की प्रेरणा से चली आई है—

"The villain left Laṅkā where he was the prince, but now the wretch will meet the fate of a corn-weevil. Tell me next about the horde of monkeys and bears who have been egged on to this place by relentless Death,

जिन्ह के जीवन कर रखवारा। भयो मृदुलचित सिंधु बेचारा ॥
कहु तपसिन्ह कै बात बहोरी। जिन्ह के हृदय त्रास अति मोरी॥

मृदुल-चित = soft-hearted. बेचारा = poor soul. त्रास = fear.

पर जिनके प्राणों का रक्षक बेचारा कोमलचित्त समुद्र हो रहा है (समुद्र न होता तो अबतक यहाँ पहुँचकर वे सब मारे जाते)। फिर उन तपस्वियों (राम-लक्ष्मण) का वृत्तान्त भी कह, जिनके हृदय में मेरा बड़ा डर बैठा हुआ है।

"Though the poor ocean has been soft-hearted (by intervening in their way) in order to spare their lives. Finally, tell me about the ascetics who are mightily afraid of me.

दो०—की भइ भेंट कि फरि गये, स्रवन सुजस सुनि मोर।
कहसि न रिपुदल तेज बल, बहुत चकित चित तोर॥५६॥

भेंट = meeting. फिरि गये = fled away. तेज = splendour. चकित = dazed, bewildered, perplexed.

क्या उन से तेरी भेंट हुई या वे कानों से मेरा सुयश सुनकर ही लौट गए? तू शत्रु की सेना का तेज और बल क्यों नहीं बतलाता? तेरा चित्त बहुत घबराया हुआ है!

"Did you meet them or had they already fled on hearing the report of my glory ? Why don't you tell me of the strength and splendour of the enemy's army ? Your mind appears to be much perplexed."

नाथ कृपा करि पूँछेहु जैसे। मानहु कहा क्रोध तजि तैसे॥
मिला जाइ जब अनुज तुम्हारा। जातहि राम तिलक तेहि सारा॥

मानहु कहा = believe in what I say. तिलक = mark of sovereignty on the forehead.

शुक नामक भेदिये ने कहा—हे नाथ जैसे कृपा करके आपने पूछा है वैसे ही क्रोध छोड़कर मेरा कहना मान लीजिये। आपका छोटा भाई विभीषण जब जा कर श्रीरामचन्द्रजी से मिला तब जाते ही उन्होंने उसे राज-तिलक कर दिया।

"My lord, as you have been kind to ask this question, in the same manner you might believe in what I say without losing your temper. As soon as your younger brother joined him, Râma put the mark of sovereignty on his forehead.

रावन दूत हमहिं सुनि काना। कपिन्ह बाँधि दीन्हे दुख नाना॥
स्रवन नासिका काटैं लागे। राम सपथ दीन्हें हम त्यागे॥

यह सुनकर कि हम रावण के दूत हैं बंदरों ने हमें बाँध कर, नाना प्रकार के दुःख दिये और जब वे हमारे नाक-कान काटने लगे तो हमने श्रीरामचन्द्रजी की शपथ दिलाई, तब हमें छोड़ा।

"The monkeys, when they heard that we were Rāvaṇa's spies, put us in bonds and gave us all sorts of torments. They were about to cut off our ears and noses and it was only after we adjured them by Rāma that they let us go.

पूँछेहु नाथ राम कटकाई। बदन कोटि सत बरनि न जाई॥
नाना बरन भालु कपि धारी। बिकटानन बिसाल भयकारी॥

कोटि सत = hundred crores, myriads. बदन = mouth, tongues. बरनि = be described. बरन from वर्ण = hue, colour. धारी = possessing.

विकटानन = hideous looks, gruesome visage. बिसाल = huge, gigantic, tall. भयकारी = terrible, dreadful, grisly.

हे नाथ, श्रीरामचन्द्रजी की सेना के बारे में जो आपने पूछा है (कि कितनी है और कैसी है) सो उसका वर्णन तो सौ करोड़ मुखों से भी नहीं किया जा सकता। रीछ और बंदरों की सेना अनेक रंगों की, डरावने मुखों वाली, बहुत बड़ी और भय उत्पन्न करने वाली है।

"You ask, my lord, of Rāma's army ! A myriad tongues would fail to tell it—bears and monkeys of various colours, hideous to look, and, huge and grisly !

जेहिं पुर दहेउ हतेउ सुत तोरा। सकल कपिन्ह महँ तेहि बल थोरा ॥
अमित नाम भट कठिन कराला। अमित नाग बल बिपुल बिसाला ॥

बल थोरा = little strength. अमित = innumerable. कठिन = hardy, unyielding, of tough mettle. कराला = fierce, savage. नाग = elephant.

जिस बंदर ने आपका नगर जलाया था और आपके पुत्र को मार डाला था, वह बंदरों में सब से थोड़े बल वाला है। वहाँ अनेक नामों वाले वे बड़े कठिन और भयंकर योद्धा हैं, जिनमें असंख्य हाथियों का बल है और जो अत्यंत विशाल हैं।

"The one who burnt the city and killed your son, is the weakest of all the monkeys. There are warriors of countless names, of tough mettle and savage looks, of enormous bulk and stature with the strength of innumerable elephants.

दो०—द्विविद मयंद नील नल, अंगदादि बिकटासि ।
दधिमुख केहरि कुमुद गव, जामवंत बलरासि ॥५७॥

बलरासि = powerful.

द्विविद, मयंद, नील, नल, अंगद, विकटास्य, दधिमुख, केहरि, कुमुद, गव और बलवान् जांबवान् ।

Dvivida, Mayanda, Nīla, Nala, Aṅgada, Gada, Vikaṭāsya, Dadhi-mukha, Kehari, Kumuda, Gava and Jāmbavān of great power.

ए कपि सब सुग्रीव समाना । इन्ह सम कोटिन्ह गनइ को नाना ॥
रामकृपा अतुलित बल तिनहीं । तृन समान त्रैलोकहिं गनहीं ॥

गनइ को = who could count ? अतुलित = unmatched, immeasurable, unbounded. तृन = straw, blade of grass.

ये सब बंदर सुग्रीव के समान (बलशाली) हैं । इनके समान करोड़ों और हैं, उन सबको कौन गिने ? श्रीरामचन्द्रजी की कृपा से उन सब को अतुल बल प्राप्त है और वे तीनों लोकों को तिनके के समान तुच्छ समझते हैं ।

"All of them are as mighty as Sugrīva—and myriads more, who could count them ? By the grace of Rāma their strength is immeasurable. The three worlds are but straw for aught they care.

अस मैं स्रवन सुना दसकंधर । पदुम अठारह जूथप बंदर ॥
नाथ कटक महँ सो कपि नाहीं । जो न तुम्हहिं जीतै रन माहीं ॥

पदुम from पद्म = a hundred billions. जूथप = chiefs, captains.

हे रावण, मैंने ऐसा कानों से सुना है कि १८ पद्म केवल बंदरों के यूथपति (सेनापति) ही हैं (फिर सेना की गणना कौन करे ?) । हे नाथ, सेना में एक भी ऐसा बंदर नहीं है जो युद्ध में आपको न जीत सके ।

"I have heard, O Rāvaṇa, that monkey chiefs number eighteen hundred billions, and, my lord, there is not one monkey in the whole army, who would not conquer you in battle.

परम क्रोध मींजहिं सब हाथा । आयसु पै न देहिं रघुनाथा ॥
सोषहिं सिंधु सहित झष ब्याला । पूरहिं न त भरि कुधर बिसाला ॥

मींजहिं = clench, close. झष = fish. ब्याला = serpents. कुधर = rocks, boulders.

अत्यंत क्रोध में भरे हुए सब हाथ की मुट्ठियाँ मींचते थे परंतु श्रीरामचन्द्रजी उन्हें आज्ञा नहीं देते। "(यदि आज्ञा हो तो) साँप, मछली आदि सभी जंतुओं समेत समुद्र को सुखा डालें, या बड़े बड़े पर्वतों से उसे पाट दें।

"They were all clenching their fists in great fury but Rāma would not let them run amuck." "We shall dry up the ocean, with all its fish and serpents, or else dam it up with huge rocks.

मर्दि गर्द मिलवहिं दससीसा। ऐसेइ बचन कहहिं सब कीसा॥
गर्जहिं तर्जहिं सहज असंका। मानहु ग्रसन चहत हहिं लंका॥

मर्दि = crushing. गर्द = dust. मिलवहिं = reduce or humble him, lay him low. तर्जहिं = snarl, threaten. सहज = wantonly. असंका = without fear. ग्रसन = swallow, devour.

रावण को मसल कर धूल में मिला दें"—सभी बंदर परस्पर इस प्रकार की बातें करते थे। वे स्वभाव से ही निडर होने से ऐसे गरजते और ललकारते थे मानों लंका को ही खा जाना चाहते हों।

"Crushing Rāvaṇa, we shall humble him to the dust"—these were the words that monkeys chattered. Devoid of fear, they roared and snarled wantonly as if they would swallow up Laṅkā.

दो०—सहज सूर कपि भालु सब, पुनि सिर पर प्रभु राम।
रावन काल कोटि कहुँ, जीति सकहिं संग्राम॥५८॥

सहज सूर = born warriors, fighters by nature. पुनि = in addition, to boot. काल = death. संग्राम = battle.

एक तो सब रीछ और बंदर स्वभाव से ही शूरवीर हैं, फिर उनके सिर पर प्रभु श्रीरामचन्द्रजी हैं। इसलिये हे रावण, संग्राम में वे करोड़ों कालों को जीत सकते हैं।

"The bears and monkeys are all born warriors, with Lord Rāma at their head to boot. O Rāvaṇa, they could conquer in battle even Death if he came in myriad forms.

राम तेज बल बुधि बिपुलाई। सेष सहस सत सकहिं न गाई ॥
सक सर एक सोषि सत सागर। तव भ्रातहिं पूछेउ नयनागर ॥

तेज = prowess, lustre. बिपुलाई = extent, vastness, magnitude, compass. नय-नागर = wise in policy, prudent, discreet.

श्रीरामचन्द्रजी के तेज, बल और बुद्धि की सीमा का सौ हज़ार शेषनाग भी गान नहीं कर सकते। यद्यपि वे एक बाण से सैंकड़ों समुद्रों को सुखा सकते हैं, तथापि नीति में चतुर श्रीरामचन्द्रजी ने आपके भाई विभीषण से समुद्र पार होने का उपाय पूछा।

"The extent of Rāma's prowess, strength and wisdom even a hundred thousand Śeshas would fail to recite. He could dry up a hundred seas with one arrow, yet so prudent is he that he took your brother's counsel.

तासु वचन सुनि सागर पाहीं। माँगत पंथ कृपा मन माहीं ॥
सुनत वचन बिहँसा दससीसा। जौं असि मति सहाय कृत कीसा ॥

माँगत पंथ = begged for a passage. सहाय = allies.

और उस (विभीषण) के वचन सुनकर मन में दया रखते हुए उन्होंने जाकर समुद्र से रास्ता माँगा। शुक के वचन सुन कर रावण हँसने लगा और बोला कि जब ऐसी बुद्धि है तभी तो उन्होंने बन्दरों को अपना सहायक बनाया है।

"Hearing his reply he went to the sea and begged for a passage with a heart soft with kindness." As soon as Rāvaṇa heard this, he laughed (saying), "Wisdom, indeed ! Rightly did he make monkeys his allies.

सहज भीरु कर बचन दृढ़ाई। सागर सन ठानी मचलाई ॥
मूढ़ मृषा का करसि बड़ाई। रिपु बल बुद्धि थाह मैं पाई ॥

सहज भीरु = arrant coward, coward by nature. दृढ़ाई = putting faith. ठानी मचलाई = behaved like a spoilt child. मृषा = falsely, undeserved. थाह मैं पाई = I have sounded the depth, fathomed the depth.

स्वभाव से ही डरपोक विभीषण के वचनों पर विश्वास करके समुद्र से हठ बाँध ली। अरे मूर्ख, तू झूठी बड़ाई क्या करता है? शत्रु के बल और बुद्धि की थाह मैंने पा ली है।

"Putting faith in the words of a born coward, he has behaved like a spoilt child towards the ocean. Fool, why lavish undeserved praises? I have sounded the depth of my enemy's strength and wisdom.

सचिव सभीत बिभीषनु जाकें। बिजय बिभूति कहाँ लगि ताकें ॥
सुनि खल बचन दूत रिस बाढ़ी। समय बिचारि पत्रिका काढ़ी ॥

सभीत = funk, timid, coward. बिजय बिभूति = glory of triumph, or, victory and fortune. रिस = anger.

जिसका मंत्री डरपोक विभीषण हो, भला उसको विजयश्री कहाँ तक मिल सकती है! दुष्ट रावण के वचन सुनकर दूत का क्रोध बढ़ा और अवसर विचारकर उसने चिट्ठी निकाली।

"Where in the world could any one achieve glory of triumph, who had such a cowardly counsellor as Vibhīshaṇa!" At the villain's words the envoy flared up with anger and, thinking it good time, produced the letter.

रामानुज दीन्ही यह पाती। नाथ बँचाइ जुड़ावहु छाती ॥
बिहँसि बाम कर लीन्ही रावन। सचिव बोलि सठ लाग बँचावन ॥

बँचाइ = having it read. जुड़ावहु = soothe, cool. बाम = left. बोलि = calling, sending for.

(और कहा)—हे नाथ, श्रीरामचन्द्रजी के छोटे भाई लक्ष्मणजी ने यह चिट्ठी दी है, इसे पढ़वाकर छाती ठंडी कीजिये। रावण ने हँसकर वह चिट्ठी बाएँ हाथ में (निरादर पूर्वक) ले ली और मंत्री को बुलाकर वह दुष्ट उसे पढ़वाने लगा।

"Rāma's younger brother has sent this missive. Have it read, my lord and soothe your breast." Rāvaṇa smiled and took it with his left hand. Then he sent for his minister and asked him to read it out.

दो०—बातन मनहिं रिझाइ सठ, जनि घालेसि कुल खीस।
राम बिरोध न उबरसि, सरन बिष्णु अज ईस ॥५६॥

बातन = idle talk. रिझाइ = pleasing, flattering. घालेसि खीस = bring ruin upon, destroy. उबरसि – be saved, escape.

चिट्ठी में लिखा था—अरे दुष्ट, बातों से ही मन को रिझाकर अपने कुल को नष्ट मत कर। श्रीरामचन्द्रजी से विरोध करके तू ब्रह्मा, विष्णु और महेश की शरण में जाने पर भी न बचेगा।

"Fool, don't you flatter your mind with idle talk and bring ruin upon your race. Being hostile to Rāma you will never be saved even if Brahmā, Vishṇu and Śiva come to your rescue.

की तजि मान अनुज इव, प्रभु पदपंकज भृंग।
होहि कि राम सरानल, खल कुल सहित पतंग ॥६०॥

भृंग = bee. सरानल = fire in the form of arrows, fiery arrows. पतंग = moth.

या तो अपने छोटे भाई विभीषण की भाँति अभिमान छोड़कर प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के चरणकमलों का भौंरा बन जा, नहीं तो हे दुष्ट! तू श्रीरामचन्द्रजी के बाणरूपी अग्नि में अपने कुल समेत पतंगा बन (अर्थात् नष्ट हो) जाएगा।

Or, abandon your pride, and, like your brother, fly as a bee to the lotus-like feet of the Lord, or else, O wretch, you and your family will be comsumed in the fire of Rāma's arrows like a moth.

सुनत सभय मन मुख मुसुकाई। कहत दसानन सबहिं सुनाई ॥
भूमि परा कर गहत अकासा। लघु तापस कर बागबिलासा ॥

गहत=clutches at, seizes, catches at. बाग-बिलासा=idle talk, jabber.

चिट्ठी सुनते ही रावण मन में तो डरा परन्तु ऊपर से मुस्कराकर सब को सुनाकर कहने लगा—छोटे तपस्वी (लक्ष्मण) का बकवाद वैसा ही है जैसे पृथिवी पर पड़ा हुआ कोई अपने हाथों से आकाश को पकड़ना चाहता हो

Rāvaṇa was frightened in his heart to hear this, but he laboured up a smile on his face and said aloud for all to hear, "The jabber of that petty ascetic is as futile as the attempt of a person who lies on the ground and clutches at the sky."

कह सुक नाथ सत्य सब बानी। समुझहु छाँड़ि प्रकृति अभिमानी ॥
सुनहु बचन मम परिहरि क्रोधा। नाथ राम सन तजहु बिरोधा ॥

परिहरि=abandoning, giving up. बिरोधा=hostility, feud, enmity.

शुक ने कहा—हे नाथ, उसकी सब बातें सत्य हैं, आप अपने अभिमानी स्वभाव को त्याग कर समझ कीजिये और क्रोध छोड़कर मेरे वचन सुनिये—हे नाथ, श्रीरामचन्द्रजी से विरोध त्याग दीजिये।

Śuka said, "My lord, all that he says is true. Only give up your natural arrogance and be wise. Relinquish your anger and listen to my word, and, cease from your hostility towards Rāma, my lord.

अति कोमल रघुबीर सुभाऊ। जद्यपि अखिल लोक कर राऊ॥
मिलत कृपा तुम्ह पर प्रभु करिहीं। उर अपराध न एकौ धरिहीं॥

अति-कोमल = very soft, exceedingly mild. अखिल = whole. राऊ = king, monarch.

यद्यपि श्रीरामचन्द्रजी संपूर्ण लोकों के राजा हैं, तथापि उनका स्वभाव अत्यंत कोमल है। मिलते ही (शरण में जाते ही) प्रभु आपपर कृपा करेंगे और आपके एक भी अपराध का ध्यान नहीं करेंगे।

"Rāma's nature is extremely soft, though he is the monarch of all the world. The Lord will be kind to you as soon as you approach him and will not heed any of your faults.

जनकसुता रघुनाथहिं दीजै। एतन कहा मोर प्रभु कीजे॥
जब तेहि कहा देन बैदेही। चरनप्रहार कीन्ह सठ तेही॥

हे स्वामी, आप मेरा इतना ही कहना मानिये कि जानकीजी श्रीरामचन्द्रजी को दे दीजिये। शुक ने जब जानकीजी को देने के लिये कहा, तब दुष्ट रावण ने उसे लात मारी।

"Restore *Sītā* to *Rāma*: this is all I implore you to do, my lord." As soon as he talked of restoring Sītā, the monster gave him a kick.

नाइ चरन सिरु चला सो तहहाँ। कृपासिंधु रघुनायक जहहाँ॥
करि प्रनामु निज कथा सुनाई। रामकृपा आपनि गति पाई॥

गति = condition, rank, original state.

रावण के चरणों में सिर नवाकर वह शुक वहाँ चला गया जहाँ कृपासागर श्रीरामचन्द्रजी थे। वहाँ पहुँचकर शुक ने रामचन्द्रजी को प्रणाम करके अपनी कथा सुनाई और उनकी कृपा से वह अपना वास्तविक रूप पा गया।

Bowing his head to his feet he went to where Rāma, the Ocean of Mercy, was. After making an obeisance he told his tale, and, by Rāma's grace, recovered his original form.

रिषि अगस्ति कैं साप भवानी। राछस भयेउ रहा मुनि ग्यानी ॥
बंदि रामपद बारहिं बारा। मुनि निज आश्रम कहुँ पगु धारा ॥

रहा = was once. पगु धारा = set his foot, set out.

शिवजी कहते हैं कि हे भवानी, शुक पहले एक ज्ञानी मुनि था, पर अगस्त्य ऋषि के शाप से वह राक्षस हो गया था। (फिर अपना पूर्वरूप पाकर) श्रीरामचन्द्रजी के चरणों की बारंबार वंदना करके वह मुनि अपने आश्रम को चला गया।

By sage Agastya's curse, he (Śuka), though once a wise saint, became a demon. Now, bowing again and again at Rāma's feet, this sage left for his own hermitage.

दो०—बिनय न मानत जलधि जड़, गये तीनि दिन बीति।
बोले राम सकोप तब, भय बिनु होइ न प्रीति ॥६१॥

न मानत = did not answer, did not heed. जड़ = stupid, dullard. बीति from व्यतीत = passed. सकोप = angrily, in a fury.

इधर श्रीरामचन्द्रजी को समुद्र के किनारे बैठे बैठे तीन दिन बीत गए पर मूर्ख समुद्र ने विनय नहीं सुनी। तब श्रीरामचन्द्रजी क्रोध में भरकर बोले कि भय दिखाए बिना प्रीति नहीं होती।

Three days passed, still the stupid ocean would not heed their prayers. Then said Rāma in a fury: "There is no love without fear."

लछिमन बान सरासन आनू। सोखौं बारिधि बिसिखकृसानू ॥
सठ सन बिनय कुटिल सन प्रीती। सहज कृपिन सन सुंदर नीती ॥

आनू = bring. बिसिख-कृसानू = fire of arrows. बिनय = entreaty, humility. सठ = villain, churl. कुटिल = crook, rogue. सहज कृपिन = naturally mean, born miser, niggardly by nature. सुंदर नीति = straightforward policy, liberal dealing.

हे लक्ष्मणजी, धनुष और बाण लाओ। अब मैं अपने बाण की अग्नि से समुद्र को सुखाता हूँ। दुष्ट से नम्रता, कुटिल से प्रेम, स्वभाव से ही कृपण मनुष्य से सुन्दर नीति,

"Lakshmaṇa, bring me my bow and arrows. I shall dry up the ocean with the fire of my arrows. To use entreaties to a villain, to waste affections on a crook, to use straight policy to one of mean nature,

ममतारत सन ग्यान कहानी। अति लोभी सन बिरति बखानी॥
क्रोधिहिं सम कामिहिं हरिकथा। ऊसर बीज बएँ फल जथा॥

ममता-रत = devoted to self, selfish. ग्यान कहानी = talk of divine wisdom. बिरति = renunciation. क्रोधिहिं = irascible, short-tempered. सम from शम = peace, restraint, tranquillity. कामिहिं = lustful, passionate, ऊसर = barren land. बएँ = sowing.

ममता में अनुरक्त मनुष्य से ज्ञान की कथा, अत्यन्त लोभी से वैराग्य की व्याख्या, क्रोधी से शांति की बात और कामी मनुष्य से हरिभजन के लिये कहना वैसा ही व्यर्थ है जैसे ऊसर भूमि में फल के लिये बीज बोना।

"To talk of divine wisdom to the selfish, to discourse on renunciation to the avaricious, to tell of restraint to the irascible and of Hari to the passion-ridden, is all the same as sowing the barren land for harvest."

अस कहि रघुपति चाप चढ़ावा। यह मत लछिमन के मन भावा॥
संधानेउ प्रभु बिसिख कराला। उठी उदधि उर अंतर ज्वाला॥

चाप चढ़ावा = strung the bow. मत = idea, procedure. संधानेउ = fixed, took aim with. बिसिख = arrow, shaft. कराला = terrible. ज्वाला = flame, burning pain.

ऐसा कहकर श्रीरामचन्द्रजी ने धनुष चढ़ाया। यह विचार लक्ष्मणजी के मन को बहुत प्रिय लगा। प्रभु ने कराल बाण को धनुष पर चढ़ाया। उससे समुद्र के हृदय में ज्वाला उठने लगी।

Saying thus, Rāma strung his bow, a procedure which pleased the heart of Lakshmaṇa. The Lord fixed a terrible arrow to his bow and there rose up a flame in the heart of the ocean.

मकर उरग झष गन अकुलाने। जरत जंतु जलनिधि जब जाने ॥
कनकथार भरि मनिगन नाना। बिप्ररूप आयो तजि माना ॥

मकर = alligators. उरग = serpents. झष = fish. अकुलाने = distressed. जतु = creatures. कनक-थार = a large plate of gold.

मगर, सर्प और मछलियों के समूह व्याकुल हो गए, समुद्र ने जब जाना कि सब जंतु जल रहे हैं, तब अभिमान छोड़, सोने के थाल में तरह तरह की मणियों को भरकर ब्राह्मण का रूप धारण करके वहाँ आया।

The shoals of alligators, serpents and fish were all distressed. When the ocean perceived the creatures burning, he filled a golden platter with all kinds of jewels and in all humility presented himself in the form of a Brāhmaṇa.

दो०—काटेहि पइ कदरी फरै, कोटि जतन कोउ सींच।
बिनय न मान खगेस सुनु, डाटेहिं पै नव नीच ॥६२॥

काटेहि = on being cut or pruned. कदली = plantain. फरै bears fruit. सींच = water. खगेस = O garuḍa. डाटेहिं = being threatened with punishment. नव = bends.

काकभुशुंडिजी कहते हैं कि हे गरुड़, सुनो! चाहे कोई करोड़ उपायों से केले को सींचे, पर वह काटने पर ही फलता है। इसी प्रकार नीच मनुष्य विनय नहीं मानता, डाँटने पर ही झुकता है।

However hard one may try to water it, a plantain tree will not bear fruit, until it has been well pruned. Similarly, listen, O Garuḍa, a mean fellow would not yield to prayer but requires the rod to bend.

सभय सिंधु गहि पद प्रभु केरे । छमहु नाथ सब अवगुन मेरे ॥
गगन समीर अनल जल धरनी । इन्ह कै नाथ सहज जड़ करनी ॥

अवगुन = faults, offences. गगन = sky, ether. समीर = air. जड़ = dull.

भयभीत समुद्र ने प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के चरण पकड़कर कहा कि हे नाथ, मेरे सब अवगुण क्षमा करो । आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी इनकी करनी (कार्य) स्वभाव से ही जड़ है ।

The ocean clasped the feet of the Lord in great fright and cried, "Pardon me, my Lord, all my faults. The ether, air, fire, water and earth, my Lord, are all naturally dull and slow to operate.

तव प्रेरित माया उपजाये । सृष्टि हेतु सब ग्रंथन्हि गाये ॥
प्रभु आयसु जेहि कहँ जस अहई । सो तेहि भाँति रहे सुख लहई ॥

प्रेरित = sent forth, impelled. माया = delusive power, supernatural power. ग्रन्थन्हि = scriptures. आयसु = command. सुख लहई = enjoys happiness, keeps happy.

इन पाँचों तत्त्वों को आपकी प्रेरणा से माया ने उत्पन्न किया है, सब ग्रंथों ने इन्हें ही सृष्टि का कारण बतलाया है । आपकी जिसके लिये जैसी आज्ञा हो वह उसी प्रकार रहने से सुख प्राप्त करता है ।

They have been produced by Māyā (supernatural power) that you sent forth. All the scriptures declare them to be the cause of creation. And each, for its own happiness, should remain as it has been determined by the Lord's command.

प्रभु भल कीन्ह मोहि सिख दीन्ही । मरजादा पुनि तुम्हरिअ कीन्ही ॥
ढोल गँवार सूद्र पसु नारी । सकल ताड़ना के अधिकारी ॥

सिख from शिक्षा = lesson. मरजादा = bounds, limit. ढोल = drum. गँवार = clown. सूद्र = low-caste man, churl, slave. अधिकारी = deserving.

हे प्रभु ! आपने अच्छा किया जो मुझको शिक्षा दी, परन्तु मेरी मर्यादा भी तो आप ही की बनाई हुई है। ढोल, गँवार, शूद्र, पशु और स्त्री ये सब ताड़ना के अधिकारी हैं—डंडे के बल से ही काम करते हैं।

"My Lord has done well in giving me a lesson; but still it was you who first fixed my bounds. A drum, a clown, a slave, and a woman—all of them deserve nothing but beating.

प्रभु प्रताप मैं जाब सुखाई । उतरिहि कटकु न मोरि बड़ाई ॥
प्रभु आग्या अपेल श्रुति गाई । करौं सो बेगि जो तुम्हहिं सोहाई ॥

अपेल = unchangeable, which cannot be transgressed.

प्रभु के प्रताप से मैं सूख जाऊँगा और सेना पार उतर जाएगी। किंतु मेरी बड़ाई न रहेगी (आपने मेरे साथ जो यह बड़प्पन लगा दिया है, कि समुद्र अथाह अशोष्य और मर्यादासंपन्न होता है वह सार्थक न हो सकेगा अर्थात् आप अपने बनाए नियम को स्वयं तोड़ देंगे)। हे प्रभु ! आपकी आज्ञा वेदों ने अटल कही है (मुझे भी माननी ही पड़ेगी)। आपको जो अच्छा लगे मैं शीघ्र ही करने को तैयार हूँ)।

"I shall dry up by the Lord's prowess and the army will cross over, but my glory would end. The Lord's command is un-changeable, say the Vedas. I shall at once do what pleases you."

दो०—सुनत बिनीत बचन अति, कह कृपाल मुसुकाइ ।
जेहि बिधि उतरै कपि कटकु, तात सो कहहु उपाइ ॥६३॥

समुद्र के अत्यन्त नम्र वचन सुनकर कृपालु रामचन्द्रजी ने मुस्करा कर कहा कि हे तात, जिस प्रकार वानरों की सेना पार उतर सके वही उपाय बताओ।

The merciful Lord smiled at his exceedingly humble words and said, "Tell me, Sire, some means by which the army of monkeys may cross over."

नाथ नील नल कपि दोउ भाई। लरिकाईं रिषि आसिष पाई ॥
तिन्ह के परस किये गिरि भारे। तरिहहिं जलधि प्रताप तुम्हारे ॥

लरिकाईं = from very childhood. आसिष = blessing, boon. परस = touch.

समुद्र ने कहा—हे नाथ! नील और नल दोनों बानर भाइयों ने लड़कपन में ऋषि का आशीर्वाद पाया है (कि वे जिस वस्तु को छू लेंगे वह जल में तैरा करेगी)। उनके छूने से बड़े बड़े पहाड़ भी आपके प्रताप से समुद्र में तैर जाएँगे।

"My Lord there are Nīla and Nala, two monkey brothers, who have been blessed by a sage from their very childhood. The heaviest rocks touched by them will, by your grace, float on the ocean.

मैं पुनि उर धरि प्रभु प्रभुताई। करिहौं बल अनुमान सहाई ॥
एहि बिधि नाथ पयोधि बँधाइअ। जेहि यह सुजस लोक तिहुँ गाइअ ॥

बल-अनुमान = to the best of my power. पयोधि = ocean. बँधाइअ = have it bridged.

फिर मैं भी आपकी बड़ाई को ध्यान में रखता हुआ अपनी शक्ति के अनुसार सहायता करूँगा। हे नाथ! इस प्रकार समुद्र का पुल बँधाइये जिससे आपका सुयश तीनः लोकों में गाया जाए।

"I, too. keeping in mind my Lord's majesty, will render help to the best of my power. In this manner, my Lord, have the ocean bridged, so that your glory, be sung in the three worlds.

एहि सर मम उत्तर तट बासी। हतहु नाथ खल नर अघरासी ॥
सुनि कृपाल सागर मन पीरा। तुरतहिं हरी राम रनधीरा ॥

उत्तर तट = northern shore. हतहु = kill, slay. अघरासी = sinful criminals. पीरा = agony, pain, grievance.

हे नाथ ! (आपका बाण निष्फल नहीं जाता इसलिये) इस बाण से मेरे उत्तर किनारे पर बसने वाले दुष्ट और पापी मनुष्यों को मार डालिये। दयालु और रणधीर श्रीरामचन्द्रजी ने सागर के मन की पीड़ा सुनकर उसे तुरंत दूर कर दिया।

"With this arrow, my Lord, slay the wicked and sinful people who infest my northern shore." The All-merciful and valiant Rāma, on hearing the grievance that disturbed the ocean's mind, at once removed it.

देखि राम बल पौरुष भारी। हरषि पयोनिधि भयेउ सुखारी ॥
सकल चरित कहि प्रभुहिं सुनावा। चरन बंदि पाथोधि सिधावा ॥

पौरुष = vigour. भारी = mighty. सुखारी = easy of mind, happy. चरित = history, account. पाथोधि = ocean. सिधावा = departed, took leave.

रामचन्द्रजी का भारी बल और पौरुष देखकर समुद्र प्रसन्न होकर सुखी हुआ। फिर उसने अपना चरित्र प्रभु श्रीरामचन्द्रजी को सुनाया और उनके चरणों की वंदना करके चला गया।

On seeing the mighty strength and vigour of Rāma, the ocean rejoiced and felt easy in mind, and after telling him the whole story, he bowed at his feet and left.

छन्द—निज भवन गवनेउ सिंधु श्रीरघुपतिहिं यह मत भायेऊ।
यह चरित कलि-मल-हर जथामति दास तुलसी गायेऊ ॥
सुख-भवन संसय-समन दमन-बिषाद रघुपति-गुन-गना।
तजि सकल आस भरोस गावहिं गुनहिं संतत सुठि मना ॥

गवनेउ = went. मत = counsel. कलि-मल-हर = that removes the impurities of this sinful age, that washes away the dirt or sins of this wicked age. सुख-भवन = abode of happiness. संसय-समन = that dispels or purges all doubts. दमन-बिषाद = that

suppresses all sorrows. गुन-गना=the manifold or teeming virtues. श्रास=hopes. भरोस=confidence. संतत=ever, always. सुठि-मना= wise of heart, pure-hearted.

समुद्र अपने स्थान को गया, उसकी संमति श्रीरामचन्द्रजी को अच्छी लगी। यह कलियुग के पापों को हरने वाला चरित्र तुलसीदास ने अपनी बुद्धि के अनुसार गाया है। निर्मल चित्त वाले मनुष्य अन्य सब की आशा और भरोसा छोड़कर, सुख के धाम, संशयों को दूर करने वाले और दुःखों के नाश करने वाले श्रीरघुनाथजी के गुण समूह को सदा गाते और सुनते हैं।

The ocean went home and Rāma approved of his counsel. Tulasīdāsa, his servant, has sung to the best of his ability, these exploits (of Rāma) which remove the sins of this wicked age. The teeming virtues of Rāma are an abode of happiness, a purge for all doubts and a balm for every sorrow, and they who possess a fine heart, will relinquish all other hope and confidence and always sing them or hear them sung.

दो०—सकल-सुमंगल-दायक, रघुनायक गुन-गान।
सादर सुनहिं ते तरहिं भव, सिंधु बिना जलजान ॥६४॥

auspiciousness, blessing. गान=recitation, recital. ently, with respect or attention. भव-सिंधु=the of worldly existence. जल-जान from जलयान=boat, ship.

रामचन्द्रजी के गुणों का गान करना सब प्रकार के कल्याण को देने वाला है। जो लोग इस गुण-गान को आदर-पूर्वक सुनते हैं, वे संसाररूपी समुद्र से बिना नाव के ही पार हो जाते हैं।

The recitation of Rāma's virtues bestows all blessings. and those who reverently listen to it, cross the ocean of existence without even a boat.

॥ समाप्त ॥

परिशिष्ट

APPENDIX

Mythological Legends.

P. 43, verse 17.—"प्रभु प्रताप तें गरुडहिं, खाइ परमलघु ब्याल"।

Once Garuḍa, the vehicle of Vishṇu, wanted to swallow a serpent who had come to seek shelter under the Lord. When Vishṇu saw this he made the serpent so powerful that the latter ran to devour Garuḍa. At this Garuḍa prayed fervently for his life and the Lord saved him from the serpent.

P. 55—"सहसबाहु सन परी लराई"।

Once Rāvaṇa was offering worship on the bank of Narmadā, after a bath. Sahasrārjuna (also called Sahasrabāhu), the king of Māheśvara, stopped the flow f the river with his thousand hands. There was a flood i and Rāvaṇa's offerings were swept away. On know of the flood, Rāvaṇa became furious and attacke juna. Rāvaṇa was taken a captive, but Brahmā and had him released.

P. 55—"सपर बालि सन करि जसु पावा"।

Once Bālī was engaged in prayers when Rāvaṇa saw him and tried to put him in bonds from behind. But Bālī proved too strong for him. He at once squeezed Rāvaṇa under his arm and carried him about for six months. At last Rāvaṇa sought for peace, made friends with Bālī and got-back his freedom.

P. 139—"रिषि अगस्ति के साप भवानी। राच्छ

Śuka was a hermit, known for his
Agastya came to his hermitage
Agastya had gone out for a bath,
Śuka's enemy, assumed the sage's for
prepare goat's meat for him. Saying
Śuka had the meat cooked for him and
his meal, Vajra-danta again came in the form
served the meat to the sage and disappeared.
saw the meat before him, he lost his temper a
to become a demon. But when Śuka prayed and the sa
to know of the truth, he relented and said, "Śuk
am sorry, my curse will not go in vain. But yo
as a demon in the service of Rāvaṇa. Whe
come to slay Rāvaṇa, his sight will delive
se."

=.

ever

